



दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -60 जबलपुर, बुधवार 02 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## गुजरात- पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटने से एमपी के 21 मजदूरों की मौत, 3 गंभीर







अहमदाबाद.(आरएनएस)। गुजरात की एक पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटने से एमपी के 21 मजदूरों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह 8 बजे बनासकांठा के नजदीक डीसा में हुआ। 3 की हालत गंभीर है। वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं। सभी मजदूर हरदा जिले के हंडिया और देवास जिले के संदलपुर हैं.

गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्य प्रदेश के 21 मजदूरों की मौत हो गई. 3 की हालत गंभीर है. वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं. फैक्ट्री डीसा तहसील के धुनवा रोड पर है. मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है. विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे. विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए. फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं. फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे.

### धमाके से दूर तक बिखरे शरीर के टुकड़े; दो दिन पहले गुजरात गए थे

**2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए आए थे**

हादसे के शिकार सभी मृतक और घायल मजदूर मध्य प्रदेश के निवासी हैं. फैक्ट्री से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए यहां आए थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे. फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है.

**3 लोग 40 प्रतिशत से अधिक जल गए**

डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है. ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं. उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है.

**पटाखे बेचने का लाइसेंस था, बनाने का नहीं**

दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है. वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे. हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है.

**तेज धमाका हुआ और बेहोश हो गए**

पालनपुर के बनास मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजे गए विजय नाम के एक मजदूर से बात की. विजय ने कहा, हम फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे थे, तभी अचानक ब्लास्ट हुआ. हमें पता ही नहीं चला कि आखिर क्या हुआ था, बहुत तेज धमाका हुआ और हम बेहोश हो गए. जब मैंने अपनी आंखें खोलीं तो मेरे चारों ओर आग थी. हम झुलसी हालत में ही किसी तरह फैक्ट्री से बाहर भागे.

**बचाव अभियान जारी**

पटेल के अनुसार, विस्फोट उस समय हुआ जब फैक्ट्री में पटाखे बनाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि परिसर में श्रमिकों के परिवार के सदस्य भी रहते थे और वे भी मलबे में दब गए। उप मंडल मजिस्ट्रेट नेहा पंचाल ने बताया कि विस्फोट के कारण इमारत में आग लग गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई लोग फंस गए। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में मदद के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक टीम भी मौके पर मौजूद थी।

## पश्चिम बंगाल की पटाखा फैक्ट्री में भयानक विस्फोट, सात लोगों की मौत, कई घायल गंभीर



पश्चिम बंगाल-(आरएनएस)। दक्षिण 24 परगना. पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के रायपुर धौलहट थाना क्षेत्र में स्थित पाथरप्रतिमा तृतीय बाड़े में एक भयानक विस्फोट हुआ. यह घटना उस समय हुई, जब लोग बसंती पूजा के लिए एक कमरे में पटाखे बना रहे थे. विस्फोट के बाद पूरे घर में आग लग गई. इससे सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है. स्थानीय विधायक समीर कुमार जाना ने बताया कि विस्फोट के बाद आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जब विस्फोट हुआ, तब कुछ लोग घर के अंदर थे और आग की लपटों में घिर गए. दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ और लोग अंदर फंसे हुए थे. घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है.

घटना स्थल पर प्राप्त वीडियो में एक घर में भीषण आग और भगदड़ का दृश्य दिख रहा है. लोग तेजी से जलते हुए घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, जबकि कुछ लोग अंदर फंसे घायलों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे. एक अन्य वीडियो में महिलाएं रोते हुए अपने अपनों को बचाने की गुहार लगा रही हैं. पुलिस ने बताया कि विस्फोट में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज नजदीकी अस्पताल में चल रहा है. घटना के बाद से स्थानीय प्रशासन और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. स्थानीय लोग और आसपास के क्षेत्र के लोग इस घटना को लेकर गहरे शोक में डूबे हुए हैं. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### झारखंड में बड़ा रेल हादसा

## दो मालगाडियों की सीधी टक्कर के बाद लगी आग, लोको पायलट समेत 2 की मौत



रांची. (आरएनएस)। झारखंड के साहिबगंज में बड़ा रेल हादसा हुआ है। यहां दो मालगाडियों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई है। टक्कर को बाद भीषण आग लगने की भी जानकारी मिली है। हादसे में लोको पायलट समेत दो की मौत की खबर है.

झारखंड के साहिबगंज जिले में दो मालगाडियों के आमने-सामने टक्कर के बाद बड़ा हादसा हो गया। ललमटिया-फरक्का एमजीआर रेलवे लाइन पर हृझक्कष्ट की दो मालगाड़ी आपस में टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाडियों के इंजन के चिथड़े उड़ गए और भीषण आग लग गई। हादसे में लोको पायलट समेत दो की मौत की जानकारी मिल रही है। जानकारी के मुताबिक, हादसा मंगलवार सुबह करीब3.30 से 4.00 के बीच हुआ है। फरक्का से ललमटिया जा रही मालगाड़ी बरहेट में खड़ी थी, तभी ललमटिया से कोयला लेकर फरक्का जा रही मालगाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। दोनों गाडिया गलती से एक ही पटरी पर आ गई जिसके बाद ये भीषण हादसा हो गया। टक्कर के बाद इंजन और डिब्बे में आग लग गई।

टक्कर के बाद इंजन के उड़े चितड़े ट्रेन में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। एक शव को इंजन से निकाल लिया गया है,

## इटारसी में बरौनी एक्सप्रेस के पार्सल यान में लगी आग से सामान जला, धुआं देख घबराए यात्री

इटारसी (आरएनएस)। अहमदाबाद से बरौनी जा रही 19483 बरौनी एक्सप्रेस के पार्सल यान में सोमवार शाम आग लग गई। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन बानापुरा-खुटवासा गांव के बीच से गुजर रही थी। सूचना मिलते ही ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर यहां रोका गया। ट्रेन करीब 2 बजे खंडवा से रवाना हुई थी, धरमकुंडी स्टेशन से रवाना होने के बाद खंभा नं. 724-12 के पास ट्रेन मैनेजर ने सबसे पीछे लगे पार्सल यान से धुआं उठते देखा, जिसके बाद लोको पायलेट को मैसेज कर ट्रेन को रोका गया। यात्रियों के अनुसार ट्रेन जब अपनी रफ्तार में थी, तभी अचानक इसे खुटवासा के पास रोका गया। ट्रेन मैनेजर और लोको पायलेट के साथ आसपास मौजूद रेलकर्मी घटनास्थल के लिए रवाना हुए। जब ट्रेन में आग लगने की खबर पता चली तो कोच में सवार अन्य यात्री भी घबराकर बाहर आ गए। आग लगने से पार्सल यान में रखा सारा सामान जल चुका है। यात्रियों ने बताया कि यान से आग की लपटें उठ रही थीं, आग किस वजह से लगी, इसकी जानकारी नहीं लग सकी है। घटना की जांच के लिए अधिकारियों ने जांच दल गठित करने की बात कही है। इटारसी आने पर भी ट्रेन को अटेंड किया गया है।



## केंद्र सरकार ने दी जनता को बड़ी राहत, एलपीजी सिलेंडर 45 रुपए तक हुआ सस्ता, यह हैं नए दाम



नई दिल्ली.(आरएनएस)। नवरात्रों के बीच आज एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए मंगलवार राहत भरा दिन लेकर आया है. 1 अप्रैल को ढेर सारे होने वाले बदलावों में से एक एलपीजी प्राइस भी है. आज ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपी सिलेंडर के नए रेट जारी कर दिए हैं. नए रेट के मुताबिक 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में करीब 45 रुपये की कमी की गई है. हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है. ताजा रेट के मुताबिक दिल्ली में आज 1 अप्रैल से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब 41 रुपये सस्ता होकर 1762 रुपये का हो गया है.

### सीएम यादव ने इसे नशामुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया

## उज्जैन समेत मध्य प्रदेश के धार्मिक महत्व वाले 19 स्थानों पर शराबबंदी



उज्जैन,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की अगुवाई वाली सरकार ने 1 अप्रैल से राज्य के 19 धार्मिक शहरों में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस साल जनवरी में एमपी कैबिनेट द्वारा स्वीकृत इस निर्णय का उद्देश्य उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर जैसे शहरों की सीमाओं में शराब की बिक्री को रोकना है। सीएम यादव ने इस कदम को नशा मुक्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस निर्णय की घोषणा सबसे पहले मुख्यमंत्री ने 24 जनवरी को एमपी के महेश्वर शहर में आयोजित एक बैठक के बाद की थी। यह मंगलवार से शुरू होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के लिए एमपी की नई आबकारी नीति के कार्यान्वयन के साथ लागू हो गया है। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है। यहां शराब और मांस दोनों नहीं बिकना चाहिए। मैं वक्फ संशोधन विधेयक का भी समर्थन करता हूं। आदेशों के बाद, नामित 19 शहर अपने अधिकार क्षेत्र में शराब की दुकानों को संचालित करने की अनुमति नहीं देंगे। इन स्थानों को पवित्र बताते हुए, सीएम यादव ने कहा कि इन शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी सार्वजनिक आस्था और धार्मिक श्रद्धा इस निर्णय के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। ये शहर होंगे प्रभावित-शराब पर प्रतिबंध उन खास धार्मिक क्षेत्रों पर लागू होगा, जिनमें अलग-अलग स्थानीय प्रशासनिक निकायों द्वारा शासित शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये शहर एक नगर निगम, आधा दर्जन नगर परिषदों और इतनी ही संख्या में ग्राम पंचायतों में फैले हुए हैं। प्रभावित शहरों में से एक, उज्जैन, भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर का घर है। इसी तरह, अमरकंटक मध्य प्रदेश के लोगों के लिए धार्मिक महत्व रखता है क्योंकि यह नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है, जिसे राज्य की जीवन रेखा माना जाता है।


## 'कामरा देश प्रेमी, गलत इरादा नहीं था...!'

### प्रशांत किशोर ने कहा



पटना (आरएनएस)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर तंज करने के बाद जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा है कि कुणाल कामरा मेरे मित्र हैं। देश से प्यार करते हैं। उनके शदों का चयन गलत हो सकता है, लेकिन उनकी मंशा गलत नहीं थी। अमित शाह के बिहार दौरे पर प्रशांत ने कहा कि अब चुनाव का वत है, तो मोदी-शाह बिहार में नजर आएंगे। यूपी और बिहार में ये फर्क है कि यहां अभी हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण की सियासत नहीं है। हमारी कामना है कि बिहार को यूपी न बनने दें। वहां तो योगी की सियासत ने ध्रुवीकरण कर दिया, लेकिन बिहार अभी भी अलग तरह से सोचता है। दूसरी तरफ कामरा ने कहा है कि वापस मुंबई आऊंगा,

## लोकसभा में आज दोपहर 12 बजे पेश होगा वक्फ संशोधन बिल, रिजिजू बोले- कुछ भी असवैधानिक नहीं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद के बजट सत्र में अब केवल चार दिन बचे हैं, ऐसे में इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार बुधवार को संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करेगी। सूत्रों ने दावा किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक कल दोपहर 12 बजे संसद में पेश होने की संभावना है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को विधेयक पर सरकार के कदम को उचित ठहराते हुए कहा कि विधेयक तैयार है और उन्होंने सदस्यों से सदन में बहस में भाग ल`केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि विधेयक में कुछ भी असंवैधानिक नहीं है, और कहा कि विपक्ष मुसलमानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद उनकी मस्जिदें, कब्रिस्तान और जमीनें जब्त कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि सीएए विरोधी आंदोलन के दौरान भी यही अफवाहें फैलाई गई थीं, लेकिन इसके नियम लागू होने के एक साल बाद भी किसी मुसलमान की नागरिकता नहीं गई। मंत्री ने कहा कि वह लोकसभा में विधेयक पेश करने की तारीख की घोषणा तभी कर पाएंगे जब इस पर कार्य मंत्रणा समिति द्वारा चर्चा की जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 28 मार्च को कहा कि संसद के चालू बजट सत्र में वक्फ (संशोधन) विधेयक को फिर से पेश किया जाएगा। सत्र का दूसरा चरण 4 अप्रैल को समाप्त होगा और इसमें केवल चार कार्यदिवस शेष हैं। शाह ने टाइम्स नाउ समिट 2025 में कहा, हम इसी सत्र में संसद में वक्फ विधेयक पेश करेंगे। शाह ने कहा कि प्रस्तावित कानून से किसी को डरना नहीं चाहिए क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार संविधान के दायरे में वक्फ अधिनियम में संशोधन कर रही है। उन्होंने कहा, विपक्ष मुसलमानों को गुमराह कर रहा है। मुसलमानों के किसी भी अधिकार पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के कोरिया में फैला बर्ड फ्लू, नष्ट किए गए 35 हजार अंडे और चूजे




बैकुंठपुर-(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। कुक्कुट पालन केंद्र में मुर्गे-मुर्गियों की मौत के बाद जांच कराई गई थी। सोमवार रात शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र के सभी चूजों, अंडों, मुर्गियों और बटेरों को नष्ट कर दिया गया है। इनमें लगभग 20 हजार अंडे तथा 15 हजार पक्षी शामिल हैं। एक किलोमीटर तक के क्षेत्र को प्रभावित क्षेत्र और 10 किलोमीटर के क्षेत्र को सर्विलांस जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में मुर्गे-मुर्गियों व अंडों की बिक्री पर रोक लगाई गई है। कोरिया जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद पड़ोसी जिलों सूरजपुर व एमसीबी में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। बैकुंठपुर के शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज ने किया है। इसकी रिपोर्ट सोमवार को विभाग को मिली।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गढ़ा में सुबह उम्र 41 वर्ष निवासी त्रिपुरी चौक कुम्हार मोहल्ला थाना गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कपड़ा सिलाई का काम करता है वह खाना खाकर घर के पास टहल रहा था त्रिपुरी मेडिकोज के पास पहुँचा वहां चाचा का लड़का अभिषेक उर्फछोटू चक्रवर्ती आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो अभिषेक उर्फछोटू गाली गलौज करते हुये हाथ में पहने कड़े से सिर में मारकर चोट पहुँचाया तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रशासनिक लापरवाही चरम पर, छात्रों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़! एनएसयूआई का आरोप प्रशासन बना तीन बंदर - न कुछ देखता, न सुनता, न बोलता।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रशासनिक अव्यवस्था और परीक्षा संबंधी गंभीर अनियमितताओं के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (हस्ड्ढ) के प्रदेश सचिव अभिषेक पटेल के नेतृत्व मे आज उग्र प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ता कुलपति कक्ष में घुस गए, उनके चेहरे पर काली पट्टी बंधी थी और हाथों में आईना था—यह स्पष्ट संकेत था कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी आँखें, कान और मुँह बंद कर लिए हैं। वे न तो छात्रों की समस्याएँ देखना चाहते हैं, न उनकी आवाज़ सुनना चाहते हैं और न ही कोई समाधान के लिए मुँह खोलना चाहते हैं! छात्रों ने कुलगुरु कार्यालय में प्रवेश किया तो हड़कंप मच गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर घोर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि यह संस्थान, जो छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए उत्तरदायी है, वही उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। विश्वविद्यालय में हाल ही में हुई परीक्षा संबंधी विसंगतियों और अन्य प्रशासनिक गड़बड़ियों ने छात्रों को भारी मानसिक तनाव में डाल दिया है।

प्रमुख अनियमितताएँ जो छात्रों के भविष्य पर डाल रही हैं सवालिया निशान—

1?? कृषि विभाग में घोर लापरवाही! चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएँ बिना परीक्षा फॉर्म भरे और बिना शुल्क जमा किए ही आयोजित कर दी गईं! प्रवेश पत्र के बिना छात्रों को परीक्षा में बैठने दिया गया, जो विश्वविद्यालय की अकादमिक साख पर गहरा सवाल खड़ा करता है। क्या यह प्रशासनिक कदाचार नहीं? आखिर दोषियों पर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं हुई?

2?? पत्रकारिता विभाग में परीक्षा से पहले ही परीक्षा फार्म की अंतिम तिथि? बीए जेएमसी वार्षिक परीक्षा 1 अप्रैल को शुरू हो गई, जबकि परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 अप्रैल थी! इस चौंकाने वाली लापरवाही का पर्दाफाश होते ही विश्वविद्यालय प्रशासन को परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। क्या प्रशासन छात्रों के करियर से मजाक कर रहा है? ऐसे गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर सख्त कदम कब उठाए जाएंगे?

3?? केंद्रीय पुस्तकालय बना शोपीस! छात्रों के अध्ययन और शोध के लिए अति-महत्वपूर्ण केंद्रीय पुस्तकालय का समय प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक पुनः बहाल नहीं किया गया। पुस्तकालय कर्मचारियों की निष्क्रियता और प्रशासन की उदासीनता से छात्रों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्या शिक्षा का यह मंदिर प्रशासन की लापरवाही का शिकार बना रहेगा?

4?? शनिवार को विभागों में ताले क्यों? जहाँ प्रशासनिक भवन में शनिवार को अवकाश रहता है, वहीं शिक्षण विभाग भी मनमाने ढंग से बंद कर दिए जाते हैं। छात्रों को क्लास और शिक्षकों से मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। क्या विश्वविद्यालय प्रशासन इस अव्यवस्था को अनदेखा करता रहेगा? 5?? परीक्षा प्रवेश पत्रों में बार-बार त्रुटियाँ! विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश पत्रों में बार-बार गलतियाँ देखने को मिल रही हैं, जिससे छात्र दुविधा में पड़ जाते हैं और परीक्षा में सम्मिलित होने में बाधाएँ उत्पन्न होती हैं। क्या यह छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का नया तरीका है?

छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि परीक्षा एवं प्रशासनिक लापरवाहियों की उच्चस्तरीय जांच हो, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, और छात्रों को शिक्षा का निष्पक्ष व व्यवस्थित माहौल मिले।

अगर हमारी माँगें पूरी नहीं हुईं तो हम पूरे विश्वविद्यालय को घेरकर उग्र आंदोलन करेंगे। छात्रों का भविष्य बर्बाद करने वालों को हम नहीं छोड़ेंगे! -

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के छात्रों में इस लापरवाही को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। यदि प्रशासन ने तुरंत संज्ञान नहीं लिया तो यह विरोध प्रदर्शन और भी तीव्र रूप ले सकता है।

शिक्षा का मंदिर बन चुका है अनियमितताओं का अखाड़ा! क्या विश्वविद्यालय प्रशासन सो रहा है?

अब सवाल यह उठता है—क्या रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी आँखों से पट्टी हटाकर छात्रों की समस्याओं को देखेगा, या छात्रों को मजबूरन आंदोलन की आग में उतरना पड़ेगा?

आज के प्रदर्शन मे मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम, प्रदेश सचिव अभिषेक पटेल, राहुल रजक ,अनुज यादव, अभिषेक दाहिया,हर्ष, पवन,अनुज पटेल, आशु,मयंक तिवारी, सौभित खरे,साहिल केवट सहित भारी संख्या मे छात्र उपस्थित थे।

# स्थगित विशेष ( बजट ) बैठक अब 16 अप्रैल को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम, जबलपुर की स्थगित विशेष (बजट) बैठक अब दिनांक 16 अप्रैल 2025 दिन बुधवार समय प्रातः 11 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभा कक्ष में आयोजित की गयी है।

# महिला आरक्षण विधेयक लागू करने की माँग, महिला कांग्रेस आज सौंपेगी ज्ञापन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिला कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा आज , 2 अप्रैल 2025 को महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्र लागू करने की माँग की जाएगी।महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल और जबलपुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव के नेतृत्व में यह कार्यक्रम होगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और कांग्रेस पदाधिकारी शामिल होंगे। महिला कांग्रेस ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक वर्षों से लंबित है, जबकि यह राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। महिला कांग्रेस ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि विधेयक जल्द लागू नहीं किया गया, तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# पनागर मे विद्यालय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न




मध्यप्रदेश जन अभियान विकासखंड पनागर के निर्देशन नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटाताल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला फूटाताल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अयोजित किया गया समिति के सदस्य व प्राथमिक शाला के शिक्षक जनों के साथ छात्र छात्राओं को फूलमाला, तिलक लगाकर स्वागत वंदन किया साथ ही छात्र को मिष्ठान वितरण कर शिक्षा का महत्व बता कर छात्र छात्राओ को शिक्षा संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक जन ,पुष्पांजलि गुप्ता , नवांकुर संस्था प्रभारी पारस दाहिया , परामर्श दाता सुशील सेन, राधेश्याम रजक, छात्र छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।।

# ईद पर व्यवस्था करने पर प्रशासन का आभार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व ईद-उल-फित्र के अवसर पर प्रशासन द्वारा मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मुस्लिम विकास परिषद की मांग पर मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाए किये जाने पर आभार व्यक्त किया है।

परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, पत्रकार आरिफ खान, समाजसेवी फैजान कुरैशी, एड. अय्यूब अंसारी, रम्भल विश्वकर्मा, मामूर गुड्डू, एड.रियाज, इस्तियाक अंसारी, इरफान कुरैशी, जावेद मिर्जा, गुलाम साबरी, एड. अकबर उस्मानी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, अशरफ कुरैशी, लियाकत जावेद, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, अहमद रज़ा, इस्लाम अली आदि ने नगर निगम, जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा मस्जिदों के आसपास व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में उचित साफ सफाई, बिजली, नलों में अतिरिक्त पानी, पानी के टैंकर, चूने की लाइने, डीडीटी छिड़काव व पुलिस व्यवस्था किये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भोपाल मे माननीय मुख्यमंत्री महोदय कि उपस्थिति मे आयोजित स्कूल चले हम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे प्रदेश के सभी स्कूलों मे हो रहा है। जबलपुर जिले के सभी स्कूल भी ऑनलाइन माध्यम से इसमें जुड़े है, शा मॉडल स्कूल मे जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी जी की उपस्थिति मे सभी बच्चे भी यह प्रसारण देखते हुए.

# रीवा-इतवारी एक्सप्रेस की सेवाएं अब 4 अप्रैल से होगी बहाल

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल पर ब्रिजों के अनुरक्षण कार्य के चलते रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस की सेवाओं को पहले निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब निरस्त रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस की सेवाएं आगामी 4 अप्रैल 2025 से बहाल रहेगी। यानि अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार गंतव्य तक चलती रहेंगी। गाड़ी संख्या 11756 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस दिनांक 04 अप्रैल 2025 से बहाल कर दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस दिनांक 05 अप्रैल 2025 से बहाल कर दिया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन से प्राप्त कर यात्रा करें।

# करदाताओं के लिए खुशखबरी नगर निगम ने दिया बकाया टैक्स भुगतान करने का एक और मौका निगमगयुक्त-प्रीति यादव

**आज 1 अप्रैल को भी करदाताओं को मिलेगी अधिभार में छूट~ 2 अप्रैल से बकाया करों की राशि होगी दो गुना -आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक अदालत में बकाया राशि पर करदाताओं को नहीं मिलेगी राहत**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राजस्व के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत करदाताओं से सम्पत्तिकर, जलकर, के साथ-साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुल्क जमा कराया जा रहा हैं। आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करनेके लिए एक दिन का और मौका दिया गया है। आज 1अप्रैल त क करदाताओं को राहत दी गई है।आज राशि जमा करने वाले करदाताओं को अधिभार नहीं लगेगा।आज के बाद 2 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक अदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं से अपील की है कि आज 1 अप्रैल तक अपनी करों की राशि जमा कर नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें तथा निगम विकास में सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि अब 2 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी। निगमगयुक्त ने इस सुविधा का लाभ उठाने सभी करदाताओं से अपील की है।

# मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा के मध्य स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा के मध्य स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर रेल प्रसाशन द्वारा चलाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04191/04192 मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा स्पेशल ट्रेन दिनांक 01 अप्रैल से 30 जून 2025 तक दोनों दिशाओं में कुल 91-91 ट्रिप चलेगी। यह गाड़ी में कुल 12 कोच होंगें।

गाड़ी संख्या 04191 मथुरा-गंगापुर सिटी स्पेशल मथुरा से शाम 16~15 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर रूकते हुए रात 22~55 बजे गंगापुर सिटी पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 04192 गंगापुर सिटी-मथुरा रात 23~25 बजे गंगापुर सिटी से प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन सुबह 07.00 बजे मथुरा पहुँचेगी ।

गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में मथुरा से गंगापुर सिटी के मध्य गोवर्धन, डीग, बृज नगर, गोविंद गढ़, रामगढ़, अलवर, राजगढ़, बाँदीकुई जंक्शन, दौसा जंक्शन, नांगल राजावतान, लालसोट, मण्डावरी, पिपलाई एवं बामनवास स्टेशनों पर रुकेगी।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं एनटीईएस ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

# कांग्रेस जनों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव को किया याद




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सहकारिता के पुरोधा एवं म. प्र. के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. श्री सुभाष यादव जी की जन्म-जयंती पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अभिषेक यादव एवं कांग्रेस नेता विवेक यादव ने कांग्रेस जनों के साथ वृद्धाश्रम में लगभग 100 वृद्धजनों को फल वितरित कर उनका हाल जाना एवं उनके मध्यप्रदेश के लिए उनके किए गए कार्यों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

अभिषेक यादव ने कहा कि निमाड़ की धरती को नर्मदा जल से किसानों समृद्ध बनाने के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता ।

कांग्रेस नेता रीतेश अग्रवाल ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने प्रदेश की जनता उनको हमेशा याद करेगी । पुष्पांजलि के दौरान युवा कांग्रेस नेता रविंद्र गौतम ने कहा कि एपेक्स बैंक के माध्यम से आम जनता को सहयोग ऋण उपलब्ध कराकर उनकी समृद्धि के लिए बहुत कार्य किए ।

इस अवसर पर पार्षद संतोष दुबे रीतेश अग्रवाल रविन्द्र गौतम बबुआ शुक्ला दीपेश मिश्रा वीरू यादव अमन अग्रवाल सागर भरद्वाज अंशित सोनी अभिनव बाजपेई दीपक नन्होरिया अर्पित साहू दीपक यादव संजू आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे ।



# साहित्य सेवा का सम्मान किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। साहित्य के लिए समर्पित शब्दरथ के तत्वाधान में 31 मार्च को श्री जानकीरमण महाविद्यालय में शब्दशिल्पी इंजी. विनोद %नयन% के मार्गदर्शन में वरिष्ठ साहित्यकार मोहन शशि ,उर्दू,हिंदी एवं बुंदेली के शाइर राज सागरी एवं वरिष्ठ शाइर डॉ.मकबूल अली कादरी को साहित्य सेवा के लिए शाल श्रीफल मान पत्र से सम्मानित किया गया इस आयोजन में प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच, मंच दीप एवं श्री जानकी रमण महाविद्यालय की सहभागिता रही। जिसमें मुख्य अतिथि शरद भाई पालन अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, सारस्वत अतिथि श्री संदीप जैन, विशिष्ट अतिथि श्री यशोवर्धन पाठक, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, श्री अशोक मनोध्याय, श्री अभिमन्यु जैन रहे। अतिथि विद्वानों ने कहा सकारात्मक साहित्य सेवा के लिए जिन्हें हम सम्मानित कर रहे हैं साहित्य जगत में उनका अभूतपूर्व योगदान है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात कवयित्री डॉ.रानू रूही की सरस्वती वंदना से हुआ, सम्मान समारोह के साथ, गीत संगीत का शानदार आयोजन हुआ , जिसमें राज भट्ट, श्रीमती अंजना सक्सेना, प्रशांत पाठक, संजय मिश्रा एवं श्रीमती आशा विश्वकर्मा की शानदार प्रस्तुति रही, हास्य व्यंग सम्राट के.के नायकर एवं बलराम वर्मा की प्रस्तुतियों पर श्रौताओं ने खूब हंसी के ठहाके लगाए। इसी तारतम्य में विराट काव्य संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें नगर के लगभग 50 रचनाकारों ने अपनी शानदार रचनाओं की प्रस्तुति दी जिसकी अध्यक्षता श्रीमती निर्मला तिवारी, मुख्य अतिथि, भगत दुबे दीप ने की, विशिष्ट अतिथि डॉ.अंबर प्रियदर्शी रही, वरिष्ठ रचनाकारों में श्रीमती मीना भट्ट, श्रीमती कृष्णा राजपूत, श्रीमती तरुणा खरे, श्रीमती वंदना सोनी, श्रीमती ज्योत्सना शर्मा, श्रीमती अर्चना गोस्वामी, श्रीमती,श्रीमती प्रीति नामदेव% भूमिजा, %डा. गीता पांडे %बेबी% श्रीमती नीता तिवारी,डॉ आशा श्रीवास्तव, श्रीमती श्वेता अग्रवाल% सचि,% डॉ.शिवकुमार सिंह, राकेश सिंह राठौर, डॉ अनिल कोरी, श्री राजेंद्र मिश्रा, अजय मिश्रा, आलोक पाठक , विवेक शैलार, दिनेश सेन, सहित , कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में अभय तिवारी, डॉ.अंबर प्रियदर्शी, श्री बसंत शर्मा श्रीमती अर्चना मलैया डॉ. सुरेन्द्र लाल साहू, डॉ. छाया सिंह, श्रीमती इंदु सिंह कंचन, डॉ. मुकुल तिवारी, श्रीमती शशि सिंह परिहार, एडवोकेट तृप्ति त्रिवेदी,डॉ अंकिता नेमा सहित सभी ने, दुर्गा स्तोत्र, गीत, ग़ज़ल एवं कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी, सभागार तालियों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर अरविन्द मोहन नायक, रमाकांत गौतम,राजीव गुप्ता, लोकराम कोरी, संजय मिश्रा, प्रशांत पाठक, राजेश नेमा,प्रियांशी ,राजेश नामदेव, दुर्गा सिंह पटेल,दिनेश नामदेव सहित नगर के साहित्यकार एवं श्रोताओं की अपार उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शब्दशिल्पी इंजी.विनोद %नयन%, संस्थापक डॉ. विनीता पाण्डेय %विनीत%, डॉ. मुकुल तिवारी, श्रीमती विनीता पैगवार विधि, श्रीमती अर्चना द्विवेदी गुदालू ने किया। समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन डॉक्टर छाया सिंह ने किया।



भोपाल ( आरएनएस )। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जनकल्याण और विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। रीवा को पहले लोग पिछड़ा कहते थे अब इसके विकास की चर्चा प्रदेश एवं देश में हो रही है। श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत लोही में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण, आंगनवाड़ी भवन, हाट बाजार निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री शुक्ल ने एक करोड़ 88 हजार रूपये की लागत से जोरी वाया भड़री तालाब रोड़ का लोकार्पण किया।

**भगवान श्रीकृष्ण ने की थी सबसे पहले स्कूल चलें हम अभियान की शुरूआत-मुख्यमंत्री ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का माला पहनाकर किया अभिनंदन, उपहार भी दिए-शुरू हुआ एजुकेशन पोर्टल 3.0**

# सीएम राइज स्कूल कहलाएंगे अब सांदीपनि विद्यालय-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गणवेश, लैपटॉप, ई-स्कूटी, साइकिल, कोचिंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा कर सही अर्थ में रामराज की कल्पना को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास कर रहा है। प्रदेश के समस्त निर्मित और निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूलों का नाम अब सांदीपनि विद्यालय होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज भोपाल की अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैम्पियन) में आयोजित स्कूल चलें हम राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम-2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन विद्यालय परिसर पहुंचने ही विद्यार्थियों से संवाद किया और इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी देखी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन कर सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में के.जी.-2 में प्रवेश लेने वाली नन्ही बालिकाओं को माला पहनाकर उनके विद्यालय में प्रवेश की औपचारिकता पूर्ण करवाई। उन्होंने नव प्रवेशी बालिकाओं को उपहार दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्यवाही स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम से किए जाने और इस पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किए जाने की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन विशेष है। अद्भुत संयोग है, जो मध्यप्रदेश की धरती पर हम देख रहे हैं। हमें अतीत में जाकर देखना होगा और अतीत के घटनाक्रम का शोध भी करना होगा। इसके अनुरूप आवश्यक सुधार भी हम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा तो उस समय की परिस्थितियों में उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा। वह प्रथम स्कूल चलें हम अभियान था। भगवान श्रीकृष्ण ने ही यह अभियान प्रारंभ किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के कुशासन का अंत कर शिक्षा का महत्व प्रतिपादित किया। उस युग के ऋषि मुनियों ने निर्णय लिया कि श्रीकृष्ण को शिक्षा के लिए गोकुल भेजा जाए जो सांदीपनि आश्रम था। यहीं पर श्रीकृष्ण और सुदामा की अनुकरणीय मित्रता का उदाहरण भी पूरे विश्व ने देखा कि मित्रता का निर्वाह और आत्मीयता को किस तरह जीवन भर बनाए रखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर यहां तक पहुंचे हैं। अनेक महान लोगों, जिनमें डॉ. एपीजे कलाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी लगन और परिश्रम से मिसाइल मैन और भारत के राष्ट्रपति बने। इसी तरह पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी अभाव और निर्धनता में रहकर कष्ट सहते हुए शिक्षा ग्रहण की, लेकिन अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का भी उल्लेख किया जिन्होंने कठिन बाल्य काल और चाय की दुकान पर कार्य करते हुए आगे बढ़ते हुए परिश्रम से सम्मान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर सफलतापूर्वक इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुए। उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में उद्योगों की स्थापना में कदम बढ़ाए हैं। ऐसे उद्योगपतियों की संख्या 60ब्र है। राज्य शासन उद्योगों को समय-सीमा में भूमि के साथ अन्य सुविधाएं दे रहा है। लक्ष्य यही है कि विद्यार्थियों को और युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार दिलवाया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान भोपाल में रात्रि विश्राम भी किया। भोपाल को राजधानी के अनुरूप इस समिट के आयोजन का सौभाग्य मिला। समिट के लिए स्थान की समस्या बताई गई थी लेकिन राज्य सरकार ने जो व्यवस्था की, उससे सभी संतुष्ट हुए और उद्योगपतियों ने टेंट में रूकने में भी संकोच नहीं किया। संपूर्ण आयोजन अभूतपूर्व हो गया। यही बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष कार्य हो रहा है। जहां संभाग स्तर पर बच्चों को शिक्षण-सत्र शरू होते ही अप्रैल महीने में पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। कक्षा-एक से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 5 करोड़ 60 लाख पुस्तकें, एक करोड़ से अधिक फाउंडेशन टिरेसी एण्ड न्यूमरेसी अभ्यास पुस्तिकाएं और 26 लाख से अधिक ब्रिज कोर्स की पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सभी जिलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हो रहे हैं। शाला त्यागी विद्यार्थियों को पुनः विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कक्षा-एक से आठ तक सभी शालाओं में बाल सभाएं की गईं। सुपर-100 के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए ऐसी कोचिंग की व्यवस्था की गई है, जो उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य पदों पर चयन में मदद करेगी।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने गमछे से पोंछे महिला के आंसू

अशोकनगर (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने जन समस्या निवारण शिविर में लोग अपनी समस्याएं सुनाते हुए रो पड़े। कुछ लोगों ने सिंधिया के पैर भी छुए। कलेक्ट्रेट कार्यालय में शनिवार को हजारों लोगों ने अपनी समस्याएं सिंधिया को बताईं। सिंधिया ने उनकी समस्याएं सुनकर निवारण के लिए आदेश दिए। काफी समय से अपनी परेशानियों को लेकर भटक रहे कई लोगों को मौके पर ही निराकरण मिला तो वह खुश हो गए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंची महिला जब सिंधिया से नहीं मिल पाई तो फूट-फूट कर रोने लगी। बोली मेरी सुनवाई नहीं हो रही, मैं कई बार महाराज के आने के बाद उनसे मिलने के लिए पहुंची लेकिन अब तक उनसे मिल नहीं। कलेक्टर उसे अंदर लाकर पहुंचे। इसके बाद सिंधिया ने उसकी पीड़ा सुनी। महिला ने बताया कि उसने मकान पर लोन लिया था जिसे चुकाने के लिए 2 लाख रुपए की जरूरत है। अगर उसने पैसा नहीं चुकाया तो उसका मकान नीलाम हो जाएगा। उसकी तबीयत ठीक नहीं है जिससे उसके पास पैसा नहीं है। महिला के सिंधिया ने अपने गमछा से आंसू पोंछे। हालांकि इस मामले में उचित कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया।

बोहरे कालोनी निवासी मनोज शर्मा अपनी बहन के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनकी बहन भोपाल के अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल में लाखों रुपए का बिल बकाया है। आगे के इलाज के लिए भी पैसों की जरूरत है। आर्थिक तंगी के कारण परिवार इलाज कराने में असमर्थ है। मनोज ने सिंधिया को आवेदन दिया। इसके बाद जब पुलिसकर्मी उन्हें बाहर ले जाने लगे तो वे भावुक हो गए। वे बार-बार सिंधिया से मिलने का प्रयास करने लगे। इस दौरान कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने मनोज को अपने साथ ले जाकर उनकी समस्या सुनी। उन्होंने मनोज को सिंधिया से बात कराने व आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

आवेदन लेकर पहुंचे व्यक्ति की सिंधिया ने पीड़ा सुनी। उसे भरोसा दिलाया कि उसकी समस्या का समाधान हो जाएगा। इतने में आवेदक ने सिंधिया के पैर पकड़ लिए, जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने उसे उठाया और कहा आप ही मेरे भरोसा हो।

केंद्रीय मंत्री ने लोगों की समस्या सुनी तो वहीं कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस दौरान जिन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ उनके आवेदन सिंधिया अपने हाथ से साथ में लाए बैग में रखते नजर आए। साथ ही कलेक्टर को निर्देश दिए कि जल्द इन समस्याओं का निराकरण कर उन्हें इस बात की अवगत कराया जाए।

## करणी सेना ने सांसद सुमन का पुतला फूंका

नरसिंहपुर (आरएनएस)। करेली में करणी सेना और युवाशक्ति संगठन ने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफप्रदर्शन किया। संगठनों ने सांसद का पुतला फूंका और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

यह विरोध सांसद सुमन के 21 मार्च के उस बयान को लेकर है, जिसमें उन्होंने राज्यसभा में राणा सांगा को 'गद्दार' कहा था। करणी सेना ने इसे राष्ट्र नायकों का अपमान बताया है। उनका कहना है कि यह बयान इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने का प्रयास है।

प्रदर्शनकारियों ने राजस्व निरीक्षक वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ के नाम है। इसमें सांसद की सदस्यता समाप्त करने की मांग की गई है।

# पशुपालन राज्य मंत्री पटेल द्वारा बुल मदर फार्म का निरीक्षण

भोपाल-(आरएनएस) पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल द्वारा सोमवार को बुल मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला, भोपाल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विभिन्न नस्लों गिर, थारपारकर एवं राठी नस्ल की गायों को देखा और फार्म पर किये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में डॉ. राजू रावत, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम एवं डॉ. अमिताब बैनर्जी, प्रबंधक, बुल मदर फार्म से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री पटेल ने मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला के शेड की छतों पर सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए, जिससे बिजली उत्पादन कर आय बढ़ाई जा सके। साथ ही आईवीएफ के आवर्ती व्यय के लिए राशि उपलब्ध कराने हेतु परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक डॉ. राजू ने बताया कि विभागीय मंत्री द्वारा पूर्व में भ्रमण के दौरान बुल मदर फॉर्म के सुदृढ़ीकरण एवं नए पशु लाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रोजेक्ट तैयार कर लिया गया है, जिसे



भारत सरकार को भेजे जाने हेतु बैठक में रखा जायेगा। इसी प्रकार अधिक दुग्ध उत्पादन हेतु पशुओं को साइलेज खिलाने के निर्देश भी दिए गए थे। इस संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा निविदा की कार्यवाही कर साइलेज के दाम प्राप्त किए गए हैं। उन्हीं दामों पर पशुओं के लिए साइलेज क्रय करने की कार्यवाही की जा रही है।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में नववर्ष और गुड़ी पड़वा के अवसर पर अपने निवास पर गुड़ी की स्थापना की.

# सरकार का संकल्प हैं हर गांव को गरीबी मुक्त बनाना-केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान

सीहोर (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के भैरूंदा में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 6514 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने भैरूंदा में 78 करोड़ 07 लाख 47 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि? पूजन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृत अंक प्राप्त करने वाले टॉपरों को स्कूटी भी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि देश के प्रत्येक गरीब परिवार के पास अपना खुद का पक्का घर हो, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार गरीबों के खुद के पक्के घर के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन पात्र नागरिकों के नाम छूट गए हैं, सर्वेक्षण कर उनके नाम जोड़ जाएंगे और उन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा। हमारी सरकार देश के साथ ही प्रदेश में भी तेजी से विकास के कार्य कर रही है। प्रदेश में निरंतर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से किसानों के लिए सिंचाई का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से बहनों को धुंए से मुक्ति दिलाई गई। इसके साथ ही नलजल योजना के माध्यम से घर-घर नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। जनता की सेवा की ईश्वर की पूजा है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार स्वसहायता समूहों के माध्यम से सभी बहनों को लखपति बहना बना रही है। इसके साथ ही प्रदेश की बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना भी चलाई जा रही है, जिसमें उन्हें प्रतिमाह 1250 रूपये दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प हैं कि देश एवं प्रदेश के हर गांव को गरीबी मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव को गरीबी मुक्त बनाने के लिए विभन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से सरकार प्रत्येक बेरोजगार व्यक्ति को रोजगार से जोड़ रही है। किसानों के कल्याण के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार से यह निर्णय लिया है कि अब गेंहू के साथ ही मसूर की खरीदी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों को ग्रीष्म काल के दौरान पर्याप्त जलापूर्ती की जाए ताकि उन्हें कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के साथ ही उन्हें खेल गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। सरकार कन्या विवाह योजना के माध्यम से बेटियों का विवाह धूमधाम से संपन्?न करा रही है। उन्होंने कहा सरकार द्वारा विकास का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव, विधायक सुदेश राय, विधायक गोपालसिंह इंजिनियर, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, अनुसूचित जानजातीय वित?त निगम की अध्यक्ष निर्मला बारेला, रघुनाथ सिंह भाटी, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंश मेवाड़ा, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष मारूति शिशिर, भैरूंदा जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, रवि मालवीय, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में हुए सम्मिलित**

भोपाल (आरएनएस)।निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और अल्पसंख्यक परिवारों को राशन किट वितरित की। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने पवित्र रमजान माह एवं ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कलर्स रिश्ते 1 अप्रैल से डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध हुआ - पाइए असीमित मनोरंजन - देखिए नागिन, ससुराल सिमर का, खतरा खतरा खतरा जैसे बेहतरीन शोज़ अपने पसंदीदा मनोरंजन चैनल पर!

भोपाल(आरएनएस) कलर्स रिश्ते भारत के लाखों टीवी दर्शकों के लिए अपने लोकप्रिय शोज़ भारत के सबसे बड़े फ्री-टू-एयर (स्त्रञ्ज) प्लेटफ़ॉर्म डीडी फ्रीडिश पर पेश कर रहा है। ये प्रोग्राम 1 अप्रैल से चैनल नंबर 50 पर मुफ़्त में देखे जा सकेंगे। ये लोकप्रिय शोज़ तीन साल के अंतराल के बाद फिर से टीवी पर प्रसारित हो रहे हैं, जो एक बार फिर पूरे देश के दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। सुपरनैचुरल, फैंटेसी, फैमिली ड्रामा, माइथोलॉजी, और रियलिटी की शैलियों में कलर्स रिश्ते के विविध प्रोग्राम एक बार फिर घर-घर में लोकप्रिय हो जाएंगे। कलर्स रिश्ते एक बार फिर अपने प्रोग्राम की विस्तृत श्रृंखला पेश करने के लिए तैयार है, जो कभी भारत में लाखों दर्शकों के दिलों पर राज करते थे। मौनी रॉय और अर्जुन बिजलानी अभिनीत रोमांचक नागिन और सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी एवं करिश्मा टन्ना अभिनीत नागिन - इंसाफ की जंग दर्शक देख सकेंगे। यह चैनल लोकप्रिय फैमिली ड्रामा 'ससुराल सिमर का' भी लेकर आया है, जिसमें अविका गोर और दीपिका कक्कड़ ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। इसके अलावा, दर्शक राधिका मुथुकुमार और अविनाश मुखर्जी अभिनीत ससुराल सिमर का - एक नया अध्याय भी देख सकेंगे। साथ ही, दर्शकों को अमर उपध्याय, सुधा चंद्रन, तोरल रासपुत्रा और माही भानुशाली अभिनीत दिलचस्प सोशल ड्रामा डोरी भी देखने को मिलेगा। वहीं खतरा खतरा खतरा उनका रोमांच और बढ़ा देगा। इसमें हर्ष लिम्बाचिया, भारती सिंह और फराह खान ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। इसके अतिरिक्त, महाकाली - अंत ही आरंभ है और महावीर हनुमान जैसे कालातीत भक्ति कार्यक्रम भी यह चैनल छोटे पर्दे पर ला रहा है। अर्नब दास, हेड, लीनियर टीवी बिज़नेस, कलर्स रिश्ते ने कहा, कलर्स रिश्ते में हम अपने लोकप्रिय शोज़ज़ का जादू फिर से पेश करने के लिए रोमांचित हैं। दर्शक ये शोज़ बिल्कुल मुफ्त में देख सकेंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि डीडी फ्री डिश के माध्यम से हम एक बार फिर अपने विशाल ग्राहक वर्ग के बीच पहुँचेंगे! हम अपनी वापसी के साथ पूरे परिवार के लिए असीमित दैनिक मनोरंजन का पसंदीदा गंतव्य बनने के लिए उत्साहित हैं। हमारे लोकप्रिय शोज़ और दिग्गज सितारों के साथ, हम टीवी के सुनहरे दिन वापस ला रहे हैं, जो ड्रामा, पारिवारिक कहानियों और पूरे परिवार के लिए मनोरंजन से भरपूर हैं।समय शोज़ सुबह 6 बजे महावीर हनुमान सुबह 7 बजे महाकाली - अंत ही आरंभ है सुबह 9 बजे खतरा खतरा खतरा दोपहर 12 बजे ससुराल सिमर का दोपहर 3 बजे नागिन शाम 5 बजे डोरी शाम 7 बजेनागिन - इंसाफ की जंग रात 9 बजे ससुराल सिमर का - एक नया अध्याय डीडी फ्री डिश के ग्राहकों के लिए कलर्स रिश्ते की वापसी के साथ वो सभी दर्शक एक बार फिर लोकप्रिय शोज़ बिल्कुल निशुल्क देख सकेंगे,


## नेहरू ने एक समुदाय के वोटों के लिए सोमनाथ मंदिर उद्घाटन में भाग नहीं लिया: सीएम

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जमकर आलोचना की. सीएम मोहन यादव ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने गुजरात में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन का अपने उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था. उन्?होंने आरोप लगाया कि नेहरू ने ऐसा एक खास समुदाय के वोटों के लिए किया था. साथ ही उन्?होंने नेहरू पर हिंदुओं की भावनाओं और उनकी आ?स्?था का सम्?मान नहीं करने का आरोप लगाया है. भाजपा के एक बूट कैंप में बोलते हुए सीएम यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना महान सम्राट विक्रमादित्य से करते हुए कहा कि दोनों ही लोगों के सेवक माने जाना पसंद करते हैं. 1951 में सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन का जिक्र करते हुए सीएम यादव ने कहा, नेहरू ने अपनी ही कैबिनेट और पार्टी के सहयोगी और तत्कालीन उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था.सीएम यादव ने कहा कि यह पूरी तरह से जनता के पैसों से बना था. दूसरे धर्मों के अनुयायियों को ठेस पहुंचाने की चिंता का हवाला देते हुए नेहरू के इनकार को सीएम यादव ने हिंदुओं की आस्था का अपमान और अनादर बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि जवाहरलाल नेहरू न केवल देश के बहुसंख्यकों की भावनाओं और आस्था का सम्मान करने में विफल रहे, बल्कि वोट की राजनीति के लिए उनकी उपेक्षा की. उन्होंने आगे कहा कि भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने खुशी-खुशी निमंत्रण को स्वीकार किया था और गर्व और खुशी के साथ सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया था.

## अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई में मुख्य भूमिका में नजर आए राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम, पेश किया आगामी रोडमैप

भोपाल(आरएनएस) हाल ही में अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच, डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन और राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सशक्त नेतृत्व पर विचार विमर्श करना था। बैठक के दौरान प्रदेश संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. अतुल मलिकराम ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, माननीय केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी के नेतृत्व में, हम प्रदेशभर में पार्टी संगठन को सशक्त करेंगे और वार्ड स्तर पर अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करेंगे, ताकि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा को पहुँचाया जा सके।

डॉ. मलिकराम ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं




को एकजुट होकर युद्ध स्तर पर कार्य करना होगा। नए सदस्यों को जोड़ने के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन सदस्यता अभियान चलाए जाएंगे तथा पार्टी व ओबीसी के प्रमुख मुद्दों को सरकार के समक्ष दृढ़ता के साथ उठाया जाएगा। इस दौरान डॉ मलिकराम ने पार्टी की आगामी योजनाओं पर अपना प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया, वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रदेशभर में पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प भी लिया।बैठक में प्रदेश इकाई के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव और विचार साझा किए। पार्टी के इस आयोजन ने संगठन को एक नई दिशा देने का कार्य किया और निश्चित रूप से आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलते दिखेगी।



**हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। मंगलवार का व्रत मनचाहा वर पाने के लिए रखा जाता है। मंगलवार का व्रत करने से जातक की हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं हनुमान जी की कृपा से जीवन के दुख और संकट दूर हो जाते हैं**



## अमित शाह का संकल्प

केंद्र की वर्तमान सरकार का नक्सलमुक्त भारत अभियान अपनी गति पर है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग अभियानों में 30 नक्सली मारे गए। गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 के इन तीन महीनों में 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 204 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। 2024 में 290 नक्सलियों को मार गिराया गया था। 2004 से 2014 के दौरान नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं। अब मोदी सरकारा के कार्यकाल में 2014-24 के बीच नक्सली हिंसा की संख्या 53 फीसद घटकर 7,444 रह गई है। इन आंकड़ों को देखकर लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का अपना संकल्प पूरा कर लेंगे। नक्सलवादी आंदोलन की भीतरी स्थिति क्या है, यह मालूम करने के स्रेत सूख गए हैं। अब जिस तरह का माहौल बन गया है, या सरकार ने बना दिया है, उसमें अब कोई भी न तो नक्सलवादियों की जमीनी हकीकत को सामने लाने की स्थिति में है और न उनके विचारधारात्मक पक्ष की वकालत करने की स्थिति में है। सरकार प्राय: जिस अर्बन नक्सलवाद शब्द का प्रयोग करती है और जिन-जिन बौद्धिक या वैचारिक समूहों पर शहरी नक्सलवादी होने का आरोप लगाती है, वे भी वस्तुत: सरकार विरोधी हैं, नक्सलवाद समर्थक कम। यह इस दौर का ठोस यथार्थ है कि नक्सलवाद की जमीन अब खत्म हो गई है। मुख्य धारा का कोई भी राजनीतिक दल या क्षेत्रीय दल दलितों-आदिवासियों के शोषण को अपनी राजनीति के केंद्र में नहीं रखता। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समूह न केवल बढ़-चढ़ कर चुनावी प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, बल्कि नक्सलवाद को अपने लिए अवरोधक मानकर उसके प्रति तिरस्कार का रुख अपना रहे हैं।

# आरएसएस मुख्यालय के साथ ही दीक्षाभूमि का दौरा कर मोदी ने गजब का राजनीतिक संतुलन साधा है

भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुँचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह सक्षम है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था। हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद मोदी ब्रांड राजनीति के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले। हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा। साथ ही उन्होंने संघ की राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करके अपनी 2047 तक विकसित भारत की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं।

## राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं।

कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है।

परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलत: कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रात: काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं।

## सहकारिता की एक नई उड़ान: सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता विश्वविद्यालय के साथ विकास का एक नया युग

डॉ. उदय शंकर अवस्थी

सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन: भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्यधारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

दिनांक 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत के सहकारी आंदोलन में एक परिवर्तनकारी क्षण था। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, मंत्रालय ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय ने सहकारी समितियों के लिए व्यापार करने में आसानी, डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है।

सहकारिता आंदोलन में दूरदर्शी नेतृत्व

माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रायल ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। * ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने और पैक्स को मजबूत बनाने के लिए मॉडल उपनियम।* प्रत्येक पंचायत/गांव में बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करना।* राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ का गठन किया गया है। सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) को एकल ब्रांड नाम के तहत उन्नत बीजों की खेती, उत्पादन और वितरण प्रमाणित और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के उत्पादन, वितरण और विपणन के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)। * जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे व्यापक विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम।

* बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ (संशोधन) अधिनियम 2023, बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ अधिनियम, 2002 में संशोधन करके 97वें संवैधानिक संशोधन के प्रावधानों को शामिल करेगा तथा बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा,

## चैत्र अंगारकी विनायक चतुर्थी व्रत से होंगे कर्ज मुक्त

आज चैत्र विनायक चतुर्थी है, इस दिन इन विशेष उपायों को करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति होती है। विनायक चतुर्थी व्रत से जीवन में सुख-समृद्धि आती है तो आइए हम आपको चैत्र विनायक चतुर्थी की पूजा विधि के बारे में बताते हैं। सनातन हिंदू धर्म में अंगारकी विनायक चतुर्थी का व्रत अत्यंत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। ये व्रत भगवान गणेश को समर्पित होता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं और विधिपूर्वक विनायक चतुर्थी का पूजन करते हैं। पंडितों के अनुसार इस व्रत और पूजन से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

प्रत्येक महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को अंगारकी विनायक चतुर्थी का व्रत करने का विधान है। इस साल 1 अप्रैल 2025 को अंगारकी विनायक चतुर्थी का व्रत पड़ रहा है। नवरात्र के दौरान पड़ने के कारण इस चतुर्थी व्रत का महत्व बढ़ जाता है। अंगारकी विनायक चतुर्थी के दिन श्री गणेश भगवान की उपासना करना, उनके मंत्रों का जप करना और उनके निमित्त विशेष उपाय करना आपके लिए बड़ा ही लाभकारी सिद्ध होगा।

## तमिलनाडु में हिंदी विरोध का सच

तमिलनाडु के बजट से रूपए के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिलभाषा वाले प्रतीक के इस्तेमाल पर हंगामा स्वाभाविक है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति की सोच राष्ट्रीय सहमति से अलग रही है। लिट्टे के खिलाफ जहां देशव्यापी गुस्सा रहा, वहीं डीएमके की राजनीति उसके प्रति राग से भरी रही। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रूपए के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है।

सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करने की भी कोशिश भी रहती है। तमिलनाडु सरकार के उद्वेलित करने वाले हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए बेहतर खाद रहे हैं, इसलिए एक बार फिर स्टालिन को इनसे उम्मीद नजर आ रही है।

संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधानसभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका जताई गई थी। इसी वजह से मजबूत केंद्र की अवधारणा की मांग स्वीकार की गई। इसके बावजूद आए दिन कुछ न कुछ राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रूख और राह अख्तियार करने की कोशिश करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में वह पश्चिम बंगाल भी जुड़ गया है, जहां से राष्ट्रवाद की विचारधारा को बल मिला था। तमिलनाडु तो खैर अरसे से ही कई मुद्दों पर अलग रूख अख्तियार करता रहा है। ऐसा करते वक्त तमिल राजनीति इस तथ्य की अनदेखी करती रही है कि संविधान और राष्ट्र की प्राचीन अवधारणा के लिहाज से तमिल धरती पूरी तरह भारतीय है।

## शक्ति पूजा का पर्व है नवरात्रि

नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ अवतारों या स्वरूपों की पूजा करने का प्रसिद्ध त्योहार है। जिसे शक्ति या देवी के रूप में भी जाना जाता है। यह त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतोर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं।

## भविष्य में राजनीति का केंद्र बिंदु बनेगा परिसीमन

अरविंद कुमार सिंह

दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से 2026 के परिसीमन को लेकर आरंभ हुआ विरोध अब देशव्यापी रूप लेने लगा है। संसद भवन परिसर में 20 मार्च को डीएमके सांसदों ने परिसीमन मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया और उनको अन्य कई विपक्षी दलों का साथ मिला है।

दक्षिणी राज्यों की ओर से मांग उठ रही है कि परिसीमन 2026 की जगह 2031 में कराया जाना चाहिए।

फिलहाल जो तस्वीर दिख रही है, उससे लगता है कि परिसीमन को लेकर उठ रहा सवाल भविष्य में राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा और इसमें दक्षिण ही नहीं, कई अन्य प्रांतों की ओर से भी सवाल उठेंगे जिन्होंने जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण किया है। पर परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों में चिंताएं बाकी प्रांतों से अलग हैं। उनको लगता है कि अगर केवल जनसंख्या को आधार बना पर परिसीमन होगा तो उनकी राजनीतिक शक्तियां सीमित होंगी। उत्तर भारत के वे प्रांत और प्रभावी होंगे जो जनसंख्या में अव्वल हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82, 170, 330 और 332 के तहत लोक सभा, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को प्रशासित किया जाता है। संविधान में व्यवस्था है कि हर 10 वर्ष पर जनगणना और उससे हासिल आंकड़ों के आधार पर एक दशक में परिसीमन होगा। 1951 से लेकर 1971 के दशक में ऐसा होता रहा। 2001 में निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का पुन: निर्धारण हुआ पर लोक सभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की कुल संख्या अपरिवर्तित रही, क्योंकि तब भी दक्षिणी राज्यों का मुखर विरोध सामने आया था। अटलजी के प्रधानमंत्रीकाल में 2001 में तय किया गया कि 2026 तक सीटें नहीं बढ़ेंगी।

इस तरह देखें तो मौजूदा सीटें 1971 के आधार पर निर्धारित हैं, जब देश की आबादी केवल 54 करोड़ थी, लेकिन उसमें भी राज्य स्तर पर बहुत सी भिन्नताएं पाई गई हैं। उत्तर प्रदेश को तब भी अधिक प्रतिनिधित्व मिला था जबकि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और केरल से लेकर हरियाणा तक को निम्न प्रतिनिधित्व मिला था। उस दौरान बाद में जब परिसीमन 25 सालों के लिए रोक दिया गया तो परिकल्पना थी कि 2026 तक उत्तर भारतीय राज्य आबादी पर प्रभावी नियंत्रण कर लेंगे। लेकिन हुआ उलटा। दक्षिणी राज्यों ने आबादी पर प्रभावी नियंत्रण किया और यहां तक कि कुछ की जनसंख्या वृद्धि दर नकारात्मक तक हो गई। पर उत्तरी राज्यों में आबादी में बेलगाम वृद्धि हुई। अब तक 2021 की जनगणना भी नहीं हो सकी है, लिहाजा परिसीमन के लिए 2011 का आधार भी बने तो भी दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा। अभी जो मोटे आंकड़े सामने आ रहे हैं उनके हिसाब से परिसीमन होने पर मौजूदा लोक सभा की 543 सीटों में 200 और इजाफा होगा। कुल 750 सीटें में उत्तर के हिस्से में कुल 400 सीटें हो जाएंगी, जबकि मौजूदा दक्षिण भारत की 129 सीटों में महज 10 से 12 की वृद्धि हो सकेगी। लोक सभा की सीटें अगर 888 होंगी तो सबसे बड़ा फायदा उत्तर प्रदेश को ही मिलेगा, जो पहले से ही देश का भाग्यविधाता राज्य बना हुआ है।

अगर पैमाना 2026 की आबादी का आंकड़ा हो तो उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़ कर 143 हो जाएंगी जबकि बिहार की 79, महाराष्ट्र की 76, कर्नाटक की 41, तमिलनाडु में 49। आलम यह होगा कि केरल की एक भी सीट नहीं बढ़ेगी। इसलिए तमिलनाडु राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री स्टालिन ने मुख्यमंत्रियों और राजनीतिक दलों के नेताओं की 22 मार्च को बैठक बुलाई है जिसमें कई दलों के नेताओं का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने पहले भी प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया का विरोध करने हुए राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रमुख दलों के नेताओं से समर्थन मांगा है। इसके पहले इसी माह चेन्नई में सर्वदलीय बैठक में बहुत से सवालों पर मंथन हुआ। 2026 तक देश की आबादी 142 करोड़ होगी। उस हिसाब से विभिन्न राज्यों में सीटों की कैसी वृद्धि होती है, यह भविष्य का सवाल है। पर सबसे अधिक फायदा उत्तर प्रदेश को होगा। फिर भी मोदी सरकार ने नये संसद भवन में सांसदों को बैठने के लिए लोक सभा चैंबर में 888 और राज्य सभा में 384 सीटों को भविष्य के हिसाब तैयार करा दिया है। पुराने भवन में लोक सभा चैंबर में 545 और राज्य सभा में 245 सीटें थीं। संविधान के तहत तहत 17 अप्रैल, 1952 को जब पहली लोक सभा का विधिवत गठन हुआ था तब सांसदों की संख्या 499 थी। सातवें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के तहत तब सांसदों की अधिकतम संख्या उस दौरान पांच सौ तय हुई थी जो 31वें संविधान संशोधन 1973 में बढ़ा कर 525 हुई। फिर गोवा, दमण और दीव पुनर्गठन के बाद 530 हुई। फिलहाल राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 543 लोक सभा सांसद हैं। राज्य सभा सांसदों की संख्या 1952 में 204 तय हुई थी जो 1966 में बढ़ कर 228 और 1987 में 233 होते हुए फिलहाल 245 है। इसमें 12 सासंद राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत हैं।

अब सवाल कई हैं। जैसे सरकार किस साल की जनगणना को आधार बना कर सीटों का परिसीमन कराएगी। परिसीमन आयोग इसके लिए बनाना होगा जो तय मानकों के हिसाब से सीटों की संख्या का राज्यवार निर्धारण करेगा, जिसकी संविधान संशोधन विधेयक के माध्यम से संसद के दोनों सदनो में दो तिहाई के बहुमत के साथ मंजूरी दिलानी होगी। 2023 में भावी परिसीमन को लेकर लोक सभा में कुछ सवाल उठे थे जिसका सरकार ने गोल मोल जवाब दिया था। संख्या या आयोग के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी गई थी। मई, 2023 में एम के स्टालिन ने 20 दलों को एक साथ जुटा कर जातिगत जनगणना के पक्ष में काफी माहौल बनाया था। 2024 के लोक सभा चुनाव में सामाजिक न्याय का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इस बार परिसीमन का मुद्दा अहम बनने जा रहा है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फरवरी में ही कह चुके हैं कि दक्षिणी राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा, पर सरकार अभी तक किसी ठोस प्रस्ताव तक नहीं पहुंची है। इस कारण बहुत से मुद्दे अभी उठेंगे और राजनीति गरमाएगी।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द अच्छे परिणाम हासिल होंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन व्यापार में निवेश के लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी दोस्त की आर्थिक रूप से मदद करने में सक्षम रहेंगे। विद्यार्थी अपने सीनियर्स से किसी प्रैक्टिकल को पूरा करने में मदद लेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मिल-जुल कर रहना चाहिए, इससे आपको उनकी मदद मिलती रहेगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज बिजनेस में किसी तजुर्बेदार व्यक्ति की सलाह मिल सकती है। आज जीवनसाथी से आपको उपहार मिलेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरुरत है। लवमेट के बीच हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी। आज आप बाहर का ऑयली खाना खाने से परहेज करें।

कन्या राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज थोडा धैर्य बनाये रखने से आपके रुके कार्यों की पूर्ति होगी। आज आपका बिजनेस बेहतर तरीके से आगे बढ़ेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाने का प्रोग्राम बनाएंगे, जिससे आपके बीच मधुरता बढ़ेंगी। आज आपके आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी खास मेहमान के आने से घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज नई सोच से व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन स्पेशल रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। विद्यार्थी आज टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई करें तो अवश्य सफलता मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुभवी लोगों की सलाह उन्नति के द्वार खोलेगी।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज अचानक धन लाभ होने की संभावना है। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए नई योजना बनाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मेहनत जारी रखनी चाहिए।

कुंभ राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोग अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार बनाएंगे। आज जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूर रहने का प्रयास करें। आपके दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर बढ़ती अटकलों, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित सेवानिवृत्ति को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अपनी बात रखी। भावी प्रधानमंत्री के रूप में उनके समर्थन में बढ़ती जनभावना के बारे में पूछे जाने पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह राजनीति को अपना पूर्णकालिक काम नहीं मानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देखिए, मैं राज्य का मुख्यमंत्री हूं, पार्टी ( भारतीय जनता पार्टी ) ने मुझे उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए यहां रखा है,

# लालू ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम किया - अमित शाह

पटना (आरएनएस)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की, वहीं राजद पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लालू यादव ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम करने का काम किया। उन्होंने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल को जंगलराज के रूप में ही याद किया जाएगा। इससे पहले पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग की ओर से समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की हजारों करोड़ की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पहले बापू सभागार में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने लालू यादव पर सीधे तौर पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया, जबकि एनडीए की सरकार ने राशन, घर, बिजली, रसोई गैस, दवाई और मुफ्त राशन पहुंचाने का काम किया। गरीबों के लिए किसी ने कुछ किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

उन्होंने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास दिया गया, 11 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का सिलेंडर दिया गया, 12 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया गया। 81 करोड़ लोगों को प्रति माह, प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज के साथ पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिला मत्स्य पालन के कार्यों को गति देने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाने का काम किया। 75 साल तक किसी सरकार ने सहकारिता को मजबूत करने का काम नहीं किया। लेकिन, नरेंद्र मोदी ने इस विभाग को गति दी।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार ऐसा क्षेत्र है जहां जमीन उपजाऊ है, जल संसाधन भी बहुत हैं। सहकारिता क्षेत्र का सबसे बड़ा फायदा बिहार को होने वाला है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश के चीनी उत्पादन का 30 प्रतिशत उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन लालू यादव के शासनकाल में सभी चीनी मिलें बंद हो गईं, और उत्पादन छह प्रतिशत तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि एनडीए की फिर से सरकार बनी तो बंद पड़ी सभी चीनी मिलों को पुनर्जीवित किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि जब भी लालू यादव की सरकार आई है, तो बिहार नीचे गया है और जब भी एनडीए की सरकार बनी है, तो बिहार आगे बढ़ा है। इसलिए अपील करता हूं कि 2025 में फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनाइए और भारत सरकार को बिहार में काम करने का मौका दीजिए। उन्होंने कहा कि बिहार पूरे देश को रास्ता दिखाता है। नीतीश कुमार के शासनकाल में बिहार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

### पंजाब सरकार ने बिजली की दरें घटाई, 600 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा पूरा

अमृतसर ,30 मार्च (आरएनएस)। पंजाब सरकार के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने शनिवार को अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बिजली दरों में कमी कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। हरभजन सिंह ईटीओ ने बताया कि नई टैरिफ दरें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी, जिसमें बिजली की दरों को कम किया गया है। इसके साथ ही एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं बढ़ाया गया है।

मंत्री ने कहा, पंजाब सरकार लंबे समय से लोगों के हित में फैसले ले रही है ताकि बिजली उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो। पिछले तीन वर्षों से राज्य के लोगों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है, जो आम आदमी पार्टी सरकार का जनता से किया गया वादा था और इसे पूरा किया जा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर, महाराष्ट्र के स्मृति मंदिर में आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ-साथ दर्शन भी किए।



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने पटना के खगौल में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पूजा की.

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स की लोकप्रियता बढ़ी, इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 120वें एपिसोड में 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स' में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना की और उनके संघर्ष और हौसले को लेकर प्रेरणादायक बातें साझा की।

उन्होंने कहा, 'मन की बात' में अब बात हौसलों के उड़ान की! चुनौतियों के बावजूद जज्बा दिखाने की। कुछ ही दिन पहले सम्पन्न हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में एक बार फिर खिलाड़ियों ने अपनी लगन और प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया। इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने इन खेलों में हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स कितना पॉपुलर हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई दी और विशेष रूप से हरियाणा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को उनके प्राप्त किए गए स्थानों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, मैं खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा, तमिलनाडु और यूपी के खिलाड़ियों को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस खेल के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्डों का उल्लेख करते हुए कहा, इन खेलों के दौरान हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाए, जिनमें से 12 तो हमारी महिला खिलाड़ियों के नाम रहे। इसके बाद उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने वाले आर्म रेसलर जॉबी मैथ्यू के पत्र को पढ़ा, जिसमें उन्होंने अपने संघर्ष के बारे में लिखा था। जॉबी मैथ्यू का पत्र पढ़ते हुए पीएम मोदी ने कहा, उन्होंने लिखा है- मेडल जीतना बहुत खास होता है, लेकिन हमारा संघर्ष सिर्फ पोडियम पर खड़े होने तक सीमित नहीं है। हम हर रोज एक लड़ाई लड़ते हैं। जीवन कई तरीके से हमारी परीक्षा लेता है, बहुत कम लोग हमारे संघर्ष को समझ पाते हैं। इसके बावजूद हम साहस के साथ आगे बढ़ते हैं। हम अपने सपनों को पूरा करने में जुटते हैं। हमें ये विश्वास रहता है कि हम किसी से कम नहीं हैं।

पीएम मोदी ने जॉबी मैथ्यू और सभी दिव्यांग खिलाड़ियों के संघर्ष को प्रेरणादायक बताया और कहा, जॉबी मैथ्यू और हमारे सभी दिव्यांग साथियों से कहना चाहता हूं कि आपके प्रयास हमारे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में आयोजित 'फिट इंडिया कॉर्निवाल' की चर्चा की, जिसमें करीब 25,000 लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा, दिल्ली में एक और भव्य आयोजन ने लोगों को बहुत प्रेरणा दी है, जोश से भर दिया है। एक इन्नोवेटिव आइडिया के रूप में पहली बार फिट इंडिया कॉर्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों के करीब 25,000 लोगों ने हिस्सा लिया। इन सभी का एक ही लक्ष्य था ङ्क फिट रहना और फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाना। प्रधानमंत्री ने आयोजन के लाभों के बारे में बताया और लोगों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करें।

### झारखंड के गुमला-सिमडेगा में हाथियों का उत्पात, चार दिन में सात लोगों को कुचलकर मार डाला

रांची (आरएनएस)। झारखंड के गुमला और सिमडेगा जिले में गुस्साए हाथियों ने कोहराम मचा डाला है। रविवार को गुमला में जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। हमले में एक अन्य व्यक्ति जख्मी है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पिछले चार दिनों के अंदर इन दोनों जिलों में हाथियों के हमले में सात लोगों की मौत हुई है। गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरांगडीह अम्बाकोना जंगल में महुआ चुनने गए 45 वर्षीय जेम्स कुजूर को रविवार अहले सुबह हाथी ने कुचल डाला। उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाद में पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उनका क्षत-विक्षत शव बरामद किया। इसी तरह अल्बर्ट एक्का प्रखंड में हाथी ने 73 वर्षीय क्लाइमेट एक्का को उनके घर के पास ही सूंड में लपेटकर पटक डाला। गंभीर रूप से घायल हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद यह हाथी पड़ोस के जर्माना गांव पहुंचा, जहां शौच के लिए खेत की तरफ गए 50 वर्षीय शख्स अरविंद सिंह राजावत को भी पटक कर जख्मी कर दिया। इसके पहले शुक्रवार को गुमला के पालकोट थाना के बरडीह-देवगांव में शौच के लिए खेत की तरफ गए क्रिस्टोफर एक्का को भी हाथी ने कुचलकर मार डाला था।



पटना के बापूसभागार में केंद्र सरकार और रा%य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन के दौरान पैक्स सदस्यों को माइक्रो एटीएम वितरित करने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का माल्यार्पण किया गया।

### ऑटोमोबाइल कंपनी के खाते से 3.63 लाख रुपए निकालने वाले दो ठग गिरफ्तार

गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद की लिंक रोड थाना पुलिस और ट्रांस हिंडन जोन सर्विलांस टीम ने ऑटोमोबाइल कंपनी सव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते से अवैध रूप से 3,63,473 रुपए निकालने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 7 मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, 2 डेबिट कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस, 2 पैन कार्ड और विभिन्न बैंक खातों से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए हैं।

इस मामले की शिकायत आनंद वर्मा, निवासी मोहन पार्क, शाहदरा, दिल्ली, ने 26 मार्च को थाना लिंक रोड में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 9870413741 से फोन कर सव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के एसबीआई खाते से धोखाधड़ी कर पैसे निकाल लिए। इस शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66डी और बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस टीम की मदद से जांच शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 28 मार्च को दोबारा कंपनी के मालिक को फोन कर खाते से संबंधित जानकारी लेने की कोशिश की।

## एनडीए में 'विनिंग कॉम्बिनेशन', ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा : चिराग पासवान

पटना (आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस बीच एनडीए घटक दलों में शामिल लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए को गौर से देखें तो इसमें विनिंग कॉम्बिनेशन है। आने वाले चुनाव में यह गठबंधन ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव का वर्ष है। एनडीए के साथी समय-समय पर मिलकर एक-दूसरे को समझ रहे हैं। कुछ दिन पहले हमारी दिल्ली में मुलाकात हुई थी।

पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ रहा है, जबकि विपक्ष में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वे न चेहरा तय कर पा रहे हैं, न गठबंधन का स्वरूप तय कर पा रहे हैं। राजद और कांग्रेस में जिस तरह से दरारें देखने को मिल रही हैं, वह यह दर्शाता है कि एक तरफ विपक्ष बिखरा हुआ है, तो वहीं दूसरी तरफ मजबूत एनडीए है।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि अमित शाह बिहार में मौजूद हैं। इस दौरान वे इस बात को समझेंगे कि जनता को इस गठबंधन से क्या आशाएं हैं। साथ ही गठबंधन के साथियों के साथ मुलाकात में यह भी विचार किया जाएगा कि हम और बेहतर कर सकें। इस दिशा में भी चर्चा होगी।

चारा घोटाले में गबन की गई राशि को वापस लिए जाने के बिहार सरकार के प्रयास पर उन्होंने कहा कि घोटाले की राशि वसूलना बिल्कुल सही है। ये जनता का पैसा है, वापस आना ही चाहिए। लुटे गए पैसे जनता के थे। विधानसभा चुनाव में एनडीए के चेहरे को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा नेता कौन होगा, किसके चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे, हमारे लिए ये मुद्दा है ही नहीं।

### अजब प्रेम! किसी के पास एक नहींञ्कोई दो लेकर घूम रहा, शख्स ने एक ही मंडप में दो प्रेमिकाओं से रचाई शादी

तेलंगाना (आरएनएस)। तेलंगाना के आसिफाबाद जिले की एक प्रेम कहानी बड़ी चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां एक शख्स को दो लड़कियों से प्यार था। शख्स दोनों को ही नहीं छोड़ना चाहता था। उसने अपनी दोनों प्रेमिकाओं से बात की और फिर एक ही मंडप में दोनों से शादी रचा ली। लिंगापुर मंडल के गुमनूर गांव में हुई इस शादी की चर्चा चारों तरफ हो रही है। दूल्हे सूर्यदेव ने एक ही मंडप के नीचे लाल देवी और झलकारी देवी के साथ 7 फेरे लिए। शादी समारोह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में दूल्हा-दुल्हनों को शादी की रस्में पूरी करते देखा जा सकता है।तीन लोगों की एक साथ शादी की चर्चाएं जोरों पर हैं। सोशल मीडिया पर भी लोगों के तीखे रिएक्शन सामने आ रहे हैं। सूर्यदेव ने बताया कि उसे लाल देवी और झलकारी देवी से प्यार हो गया था। वह दोनों में से किसी एक को नहीं चुन सकता था। दोनों युवतियों में से कोई एक भी उसे छोड़ने को राजी नहीं थी। इसके बाद तीनों ने आपस में बात की और सहमति के साथ शादी करने का फैसला लिया।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई के बोरीवली में गुड़ी पड़वा मनाया.




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंदिर हसौद के रास्ते अभनपुर-रायपुर खंड पर मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई।


## राहुल गांधी और कांग्रेस के लोग आरएसएस के कार्यालय जाकर संघ को समझें - बाबूलाल मरांडी

रांची (आरएनएस)। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को अगर यह समझना है कि संघ क्या है और देशभक्ति क्या होती है, तो उन्हें आरएसएस कार्यालय जाना चाहिए। राहुल गांधी जहां-तहां जाकर 'अल्ल-बल्ल' बोलते रहते हैं। अच्छा हो कि वह संघ कार्यालय जाकर इस संगठन को समझें।

मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर स्थित संघ मुख्यालय जाने पर कांग्रेस के नेताओं की आलोचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री राष्ट्र भक्तों के संगठन के मुख्यालय में गए हैं तो कांग्रेसियों के पेट में दर्द क्यों हो रहा है? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो कसाब जैसे आतंकवादी को बचाने के लिए रात-दिन एक कर देती है। प्रधानमंत्री जी वहां गए, जहां देशभक्ति पढ़ाई जाती है। संघ लोगों को देश के लिए जीना-मरना सिखाता है।

मरांडी ने रांची के मोरहाबादी में भाजपा के कई नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 120वें एपिसोड का सीधा प्रसारण सुना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री का यह उद्बोधन देशवासियों को प्रेरित करने वाला होता है। इसमें वह किसी राजनीति की बात नहीं करते। भारत प्राचीन और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत वाला देश है। इसके प्रेरक उद्धरण प्रधानमंत्री हर एपिसोड में देते हैं। लोग इस प्रसारण से भारत की परंपरा, संस्कृति, विरासत, योग, आयुर्वेद के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त करते हैं।

मरांडी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों के अपनी विरासत और संस्कृति से जुड़े रहने के प्रेरक उदाहरण दिए। उन्होंने गौरवशाली अतीत से प्रेरित होते हुए विकसित भारत, एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनाने में हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित प्रदेश भाजपा के अन्य पदाधिकारियों ने रांची में अलग-अलग बूथों पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का प्रसारण सुना।



सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर ईद से एक दिन पहले रविवार को सिनेमाघरों में उतरी - यह एक ऐसा अवसर है जिसे अकसर सलमान खान के बॉक्स ऑफिस पर दबदबे के लिए जाना जाता है। शुरुआती अनुमानों में 40-45 करोड़ रुपये के ओपनिंग डे कलेक्शन का अनुमान लगाया गया था, लेकिन फिल्म उम्मीदों से कम रही। सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर ने अपने पहले दिन भारत में 26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को दुनिया भर में 54 करोड़ रुपये की ओपनिंग का दावा किया। हालांकि, सिकंदर के वैश्विक कलेक्शन के बारे में विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

# वाणी कपूर की मंडाला मर्डर्स से जुड़ीं मिर्जापुर की अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर

अभिनेत्री वाणी कपूर काफी समय से वेब सीरीज मंडाला मर्डर्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान गोपी पुथरन ने संभाली है।

यह सीरीज इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए वाणी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। इस सीरीज में वाणी की जोड़ी अभिनेता वैभव राज गुप्ता के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब मंडाला मर्डर्स की स्टार कास्ट में जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मंडाला मर्डर्स में श्रिया बेहद महत्त्वपूर्ण किरदार निभाएंगी, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं।

वह सीरीज के केवल एक एपिसोड में नजर आएंगी और उनका अनदेखा अवतार सामने आएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

मंगला मर्डर्स का निर्माण यशराज फिल्म्स के बैनर तले हो रहा है। इसमें वाणी, श्रिया और वैभव के साथ सुरवीन चावला और जमील खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

मंडाला मर्डर्स जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस वेब सीरीज का टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसमें वाणी का धाकड़ अवतार दिखा।

बता दें कि श्रिया अब तक ताजा खबर, द ब्रोकन न्यूज और 13 मसूरी जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं।

आने वाले समय में श्रिया फिल्म अभी तो पार्टी शुरू हुई है में भी अभिनय करती दिखाई देंगी।



### नुसरत भरूचा की छोरी 2 का पहला पोस्टर आया सामने, 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी

काफी समय से अभिनेत्री नुसरत भरूचा अपनी आगामी फिल्म छोरी 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म छोरी का सीक्वल है, जो 26 नवंबर, 2021 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब 4 साल बाद फिल्म का सीक्वल आ रहा है।

बीते दिन निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी दिया था, वहीं अब छोरी 2 का पहला पोस्टर सामने आ गया है।

आइए बताते हैं आप यह फिल्म कब और कहां देख पाएंगे।

छोरी 2 के निर्देशन की कमान विशाल फुरिया ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।

### कोर्ट में अक्षय कुमार से टक्कर लेंगे आर. माधवन, केसरी 2 से दमदार फर्स्ट लुक आउट

अक्षय कुमार की केसरी 2 अप्रैल 18 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाले हैं और मेकर्स फैंस की एक्साइटमेंट बरकरार रखने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं. फिल्म का जबरदस्त टीजर रिलीज करने के बाद अब मेकर्स ने आर माधवन का फर्स्ट लुक रिलीज किया है जो एकदम प्रोमिसिंग है. केसरी 2 अक्षय कुमार की 2019 में रिलीज हुई केसरी का सीक्वल है लेकिन इसमें उसके आगे की नहीं बल्कि अलग और नई कहानी दिखाई जाएगी. इस बार फिल्म में जलियांवाला हत्याकांड की इमोशनल स्टोरी को बड़े पर्दे पर उतारा जा रहा है.

धर्मा प्रोडक्शन ने हाल ही में आर माधवन का धांसू पोस्टर रिलीज किया जिसमें वे वकील की यूनिफॉर्म में नजर आ रहे हैं.

# क्रॉप टॉप पहने अनुष्का सेन ने कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया हॉट फिगर, एक्ट्रेस की अदाओं पर दिल हार गए फैंस

अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने व्हाइट कलर का टॉप और ब्लैक कलर की डेनिम जींस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।



खुले बाल, आंखों में गॉगल्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये स्टनिंग अवतार देखते ही फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# कृष 4 कंफर्म, ऋतिक रोशन खुद डायरेक्ट करेंगे फिल्म, राकेश रोशन ने धूम के मेकर्स से मिलाया हाथ

ऋतिक रोशन के फैंस का कृष 4 के लिए इंतजार खत्म हो गया है. लंबे अरसे से कृष 4 का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. कृष 4 के इस सस्पेंस से पर्दा हट गया कि यह फिल्म बनेगी भी या नहीं. अब कृष 4 को लेकर धमाकेदार ऑफिशियल अपडेट सामने आई है. कृष 4 को लेकर नए अपटेड ने उनके फैंस को खुश होने का बड़ा मौका दिया है. अब यह बात ऑफिशियली तौर पर कंफर्म हो गई है कि फिल्म कृष 4 बनने जा रही है. कृष 4 को कोई और नहीं बल्कि राकेश रोशन ही बनाने जा रही हैं. इससे भी बड़ी बात यह है कि इस मोटे बजट की फिल्म को यशराज फिल्म्स के मालिक आदित्य चोपड़ा का साथ मिला है. ऐसे में राकेश रोशन और आदित्या चोपड़ा मिलकर कृष 4 प्रोड्यूस कर रहे हैं. सबसे बड़ी खबर यह है कि ऋतिक रोशन फिल्म कृष 4 से फिल्म निर्देशन में हाथ आजमाने जा रहे हैं. जी हां कृष 4 को ऋतिक रोशन डायरेक्ट करेंगे. इसका मतलब ऋतिक रोशन अपनी फिल्म को खुद डायरेक्ट करने जा रहे हैं. दिग्गज फिल्म एनालिस्ट तरण आदर्श के हवाले से इस गुडन्यूज को शेयर किया गया है, तरण आदर्श ने अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर कृष 4 की गुडन्यूज को शेयर किया है. तरण आदर्श ने लिखा है, बड़ी खबर, यह ऑफिशियल है, राकेश रोशन और आदित्य चोपड़ा मिलकर फिल्म कृष 4 को प्रोड्यूस करेंगे और ऋतिक रोशन फिल्म कृष 4 से पहली बार फिल्म निर्देशन करने जा रहे हैं, यह भारत की सबसे बड़ी सुपरहीरो फ्रेंचाईजी है कृष 4. फिलहाल फिल्म की स्टारकास्ट से पर्दा नहीं हटाया गया है. कहा जा रहा है कि साल 2026 की शुरुआत में फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी. बता दें, राकेश रोशन ने साल 2003 में फिल्म कोई मिल गया डायरेक्ट की थी, जिसके डिस्ट्रीब्यूटर यशराज फिल्म्स था.

# एल2ः एम्पुरान बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 2, सबसे तेज 100 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली मलयालम फिल्म बनी मोहनलाल की मूवी

मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की जोड़ी ने एक बार दर्शकों को दीवाना कर दिया है. इनका जादू ना सिर्फ नेशनल लेवल पर बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर छाया हुआ है. 27 मार्च को दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई मोहनलाल-पृथ्वीराज सुकुमारन की नई फिल्म एल2ः एम्पुरान ने शानदार ओपनिंग की है. 48 घंटे से भी कम समय में एल2ः एम्पुरान ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. इसी के साथ फिल्म ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं.

सैकनिल्क के अनुसार, मोहनलाल-पृथ्वीराज सुकुमारन की एक्शन थ्रिलर फिल्म एल2ः एम्पुरान ने ओपनिंग डे पर शानदार कमाई की. फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 21 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसमें मलयालम बेल्ट में 18.6 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि, दूसरे दिन यानी शुक्रवार को कलेक्शन में 44.05 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई. मोहनलाल स्टारर ने रिलीज के दूसरे दिन 11.75 करोड़ रुपये ही कमा पाई. इसमें से मलयालम वर्जन में फिल्म ने 10.75 करोड़ रुपये कमाए. जबकि फिल्म ने कन्नड़ में 5 लाख रुपये, तेलुगु में 1.15 करोड़ रुपये, तमिल में 70 लाख रुपये और हिंदी बेल्ट में 50 लाख रुपये कमाए हैं. दो दिनों के बाद घरेलू बॉक्स ऑफिस पर एल2ः एम्पुरान का कुल कलेक्शन 32.75 करोड़ रुपये हो गया हैं. दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली मॉलीवुड की सिर्फ 9 फिल्में है. मोहनलाल-पृथ्वीराज की नई फिल्म एल2ः एम्पुरान वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली मलयालम फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है. जी हां, एल2ः एम्पुरान मोहनलाल की रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने वाली यह एक्शन थ्रिलर एल2ः एम्पुरान 100 करोड़ कमाने वाली 10वीं मलयालम फिल्म बन गई है.

ओपनिंग डे पर एल2ः एम्पुरान ने दुनियाभर में 67.50 करोड़ रुपये की कमाई की. रिलीज के दूसरे दिन भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म करते हुए वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. इसी के साथ एल 2ः एम्पुरान ने आदुजीविथम को पछाड़ते हुए दुनियाभर में 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली सबसे तेज मलयालम फिल्म बन गई है. इस बेंचमार्क तक पहुंचने के लिए आदुजीविथम को 9 दिन लगे थे. सैकनिल्क के मुताबिक, एल2ः एम्पुरान दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर सेंचुरी लगाने वाली 2025 की पहली मलयालम फिल्म बन गई है. वहीं, मोहनलाल के लिए यह पुलिमुरुगन और लूसिफर के बाद उनकी तीसरी 100 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्म है. निर्देशक के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन ने लूसिफर के बाद अपना दूसरा शतक बनाया है. सोमवार को ईद की छुट्टी है. यह फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन करने का अच्छा मौका है. ईद की छुट्टी फिल्म को पहले सप्ताह के अंदर अब तक की सबसे बड़ी मॉलीवुड ग्रॉसर बनने का मौका देती है,

### तू मेरी जिंदगी है... श्रीलीला से नजरें नहीं हटा पा रहे कार्तिक आर्यन, शेयर की रोमांटिक तस्वीर

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर श्रीलीला की एक नई तस्वीर शेयर की. दोनों एक रोमांटिक फिल्म में साथ काम कर रहे हैं, जिसका अभी तक टाइटल तय नहीं हुआ है और यह तस्वीर उसी फिल्म की नई तस्वीर है. रोमांटिक तस्वीर में कार्तिक और श्रीलीला चाय के बागान में बैठे हैं और कार्तिक, श्रीलीला की आंखों में प्यार से देख रहे हैं.

कार्तिक ने श्रीलीला के साथ जो तस्वीर शेयर की उसमें वे दोनों एक चाय के बागान के बीच में बैठे हुए हैं. फोटो में दोनों के पास चाय का ग्लास रखा हुआ है, श्रीलीला की निगाहें नीचे हैं और कार्तिक उन्हें बड़े प्यार से देख रहे हैं. कार्तिक ने तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, तू मेरी जिंदगी है. जो कि आशिकी फिल्म का एक फेमस गाना है. यह गाना इस साल की शुरुआत में रिलीज हुए इनकी अनटाइटल्ड फिल्म के टीजर के बैकग्राउंड में भी था.

# ब्रेन फॉग के 5 प्रमुख संकेत, इन्हें न करें नजरअंदाज

ब्रेन फॉग एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को सोचने, ध्यान केंद्रित करने और याद रखने में कठिनाई होती है। यह समस्या किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है और इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे तनाव, नींद की कमी या पोषण की कमी।



इस लेख में हम ब्रेन फॉग के पांच प्रमुख संकेतों पर चर्चा करेंगे, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई अगर आपको रोजमर्रा के कामों में ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है तो यह ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है। जब आप किसी काम पर ध्यान नहीं दे पाते हैं या बार-बार भटक जाते हैं तो यह आपके मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है। इसे सुधारने के लिए नियमित रूप से मेडिटेशन करें और अपने दिनचर्या में छोटे-छोटे ब्रेक लें ताकि आपका मन तरोताजा रहे।

याददाश्त कमजोर होना

अगर आप छोटी-छोटी बातें भूलने लगे हैं या हाल की घटनाओं को याद रखने में मुश्किल हो रही है तो यह ब्रेन फॉग का लक्षण हो सकता है।

यह समस्या आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। याददाश्त को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त नींद लें और अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियां और फल शामिल करें। ये उपाय आपकी याददाश्त को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। मानसिक थकान महसूस होना लगातार मानसिक थकान महसूस होना ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है। अगर आप बिना किसी शारीरिक मेहनत के ही थका हुआ महसूस करते हैं तो यह आपके मस्तिष्क के ठीक से काम न करने का संकेत हो सकता है।

इसे दूर करने के लिए नियमित एक्सरसाइज करें, जैसे सुबह की सैर या हल्का योग, जो आपके दिमाग को तरोताजा कर सके।

इसके अलावा अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें ताकि आपको पर्याप्त आराम मिल सके।

निर्णय लेने में कठिनाई

अगर आपको छोटे-मोटे निर्णय लेने में भी परेशानी होती है या आप अनिर्णय की स्थिति में रहते हैं तो यह ब्रेन फॉग का लक्षण हो सकता है।

इससे बचने के लिए अपने विचारों को स्पष्ट करने की कोशिश करें। इसके लिए आप ध्यान और गहरी सांस लेने वाले अभ्यास कर सकते हैं।

जरूरी फैसले लेने से पहले खुद को समय दें ताकि आप सही निर्णय ले सकें। अपने विचारों को लिखकर भी उन्हें बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

चिड़चिड़ापन बढ़ना

अगर छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है तो यह ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है। इसे कम करने के लिए योगा या गहरी सांस लेने वाले अभ्यास करें, जो आपके मन को शांत कर सकें और तनाव कम कर सकें। इन उपायों से आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा और चिड़चिड़ापन कम होगा।

अगर ये समस्या बनी रहती है तो विशेषज्ञ से सलाह लें ताकि सही उपचार हो सके।

# चेहरे पर शेव करने जा रही हैं तो पहले जान लें ये टिप्स, नहीं होगी समस्या

महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल करने के लिए फेशियल से लेकर वैक्सिंग जैसे तमाम ट्रीटमेंट करवाती हैं। हालांकि, वे अक्सर अपने चेहरे को शेव करना भूल जाती हैं, जो कि एक जरूरी स्टेप होता है।

केवल पुरुषों के ही नहीं, बल्कि महिलाओं के भी चेहरे पर बाल निकलते हैं। हालांकि, ये बाल बेहद छोटे होते हैं और नजर नहीं आते हैं।

आप अपने चेहरे को शेव करने के लिए ये 5 टिप्स अपनाना न भूलें।

सबसे पहले चेहरे को करें साफ

चेहरे को शेव करने से पहले उसे अच्छी तरह साफ करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए एक सौम्य क्लींजर या फेस वाश का इस्तेमाल किया जा सकता है।



क्लींजर को चेहरे पर धीरे-धीरे मलें और पानी से धो लें। ऐसा करने से त्वचा पर मौजूद सारी गंदगी साफ हो जाएगी और संक्रमण, जलन या खुजली होने का खतरा भी नहीं रेहगा।

हालांकि, साबुन का उपयोग करने से बचना चाहिए, क्योंकि वे कठोर हो सकते हैं। एक्सफोलिएट करने के बाद चेहरे को नम रहने दें

शेव करने से पहले आपको स्क्रब का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट भी कर लेना चाहिए।

ऐसा करने से रोमछिद्रों में भरी गंदगी भी साफ हो जाएगी, जिससे किसी प्रकार का संक्रमण नहीं होगा। अब चेहरे पर थोड़ा गर्म पानी लगा लें या गीले कपड़े की मदद से उसे नम कर लें। त्वचा को नमी प्रदान करने से बालों के रोमों को नरम करने में मदद मिलती है, जिससे उन्हें हटाना और भी आसान हो जाता है।

सही रेजर का चुनाव करें

शेविंग करने के लिए सही रेजर का इस्तेमाल करना जरूरी होता है, वर्ना चेहरे पर चोट लग सकती है। अगर रेजर का ब्लेड तीखा नहीं होगा या वह बहुत पुराना होगा तो उससे चेहरा छिल या कट सकता है।

इसके अलावा, उपयोग करने से पहले आपको अपने रेजर को सैनिटाइज भी कर लेना चाहिए। ऐसा करने से जलन, संक्रमण, मुंहासे या खुजली का खतरा कम हो जाता है।

रेजर को टेढ़ा करके इस्तेमाल करें, नहीं तो चोट लग सकती है। एलोवेरा या शेविंग जेल लगाएं

## शब्द सामर्थ्य - 003


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, धष्य 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कोतवाली में बसंत मालवीय उम्र 45 वर्ष निवासी राजीवनगर चेरीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शिव शंकर लस्सी भंडार के नाम से लस्सी का ठेला बेलबाग में लगाता है रोजाना की तरह अपनी लस्सी का ठेला लगाकर लस्सी बेचकर रात लगभग 00-30 बजे ठेला लेकर राजीव नगर चेरीताल जा रहा था हरदौल मंदिर के पास रोड पर पहुँचा रात लगभग 1 बजे शरद यादव मिला जो उसे लस्सी पिलाने के लिये बोला तो उसने कहा कि लस्सी खत्म हो गयी है तो शरद यादव उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा,

## जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

# शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पूरे प्रदेश मे 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ है, पूरे प्रदेश के सभी विद्यालय बच्चों के स्वागत के लिए तैयार है। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री महोदय, माननीय शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि भोपाल के स्कूल मे स्कूल चले हम कार्यक्रम मे शामिल हुए, कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ जिसको प्रदेश के सभी विद्यालयों मे ऑनलाइन माध्यम से देखा गया। जिला जबलपुर के सभी विद्यालयों मे भी यह प्रसारण देखा गया। शा मॉडल स्कूल मे बच्चों, विद्यालय के स्टाफ के साथ जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने भी यह कार्यक्रम देखा।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण भी किया गया, इस दौरान सभी विद्यालयों मे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे स्कूल चले हम कार्यक्रम आयोजित रहा.

सीएम राइज विद्यालय करोंदीग्राम जबलपुर स्कूल चले हम कार्यक्रम मे माननीय विधायक अशोक रोहणी जी एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी जी सम्मिलित हुए. कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक अशोक रोहाणी जी एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी जी के द्वारा छात्राओं को तिलक लगाकर निशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरित की। इस दौरान सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को गाड़ी की चावी तथा 37 बच्चे जिनको लैपटॉप की राशि मिली है उन सभी छात्राओं का सम्मान भी किया गया। विधायक श्री रोहाणी के द्वारा अपने उद्बोधन मे कहा कि शासन बच्चों कि पढ़ाई के प्रति बहुत ही सचेत है तथा पढ़ाई मे किसी भी प्रकार कि बाधा नहीं आएगी। जिला शिक्षा. अधिकारी घनश्याम सोनी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि बच्चों की पढ़ाई 1 अप्रैल से अच्छे तरीके से होंगी, सभी शिक्षक समय का विशेष ध्यान रखे तथा बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा शास उमावि गणेशगंज, शा बालक हाई स्कूल गोकलपुर, शा कन्या उमावि गोकलपुर, सीएम राइज विद्यालय अधारताल, शा उमावि तमरहाई का निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों मे प्रवेश उत्सव स्कूल चले हम कार्यक्रम का आयोजन पाया गया.

शा उमावि गणेशगंज,शा बालक हाई स्कूल गोकलपुर मे छात्र छात्रा संख्या कम पायी गयी जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने कहा कि विद्यालय मे बच्चों कि शत प्रतिशत उपस्थिति होना चाहिए तथा पढ़ाई पर सभी ध्यान दें।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के निर्देश पर सभी ब्लॉक के सहायक संचालक बी ई ओ के द्वारा भी निरीक्षण किए गए,मझौली मे सहायक संचालक अतुल चौधरी के निरीक्षण मे 1 प्रभारी प्राचार्य,

3 उमाशि, 1 व्याख्याता एवं 2 भृत्य अनुपस्थित पाए गए। इन सभी को जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर श्री घनश्याम सोनी के द्वारा कारण बताओ पत्र जारी कर जवाब माँगा गया

## बिखरते घरों को सावरने का सन्देश दिया सिंधी नाटक विरहासत बुजर्गो को स्थान घर मे हैं वृद्धाश्रम मे नहीं

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। चेटीचंड महोत्सव के अंतर्गत आज मानस भवन में सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल एवं श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर के तत्वाधान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुंबई से आए अर्पित लालवानी जी द्वारा भक्ति से भरपूर संगीत में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया उसके पश्चात सिंधी जो अपनी विरासत में अपना धर्म और संस्कृति को सिंध से विभाजित हिंदुस्तान में लेकर आए थे उस विरासत को युवा पीढ़ी द्वारा कैसे सहेजा जाए इसे विरासत नाटक के द्वारा भोपाल से आए कलाकारों द्वारा मंचन किया गया स्वामी अशोकानंद जी महाराज स्वामी प्रदीप महाराज जी के सानिध्य में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह जी माननीय विधायक केंट अशोक ईश्वरदास रोहाणी जी, विधायक अभिलाष पांडे भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज करतार सिह बठीजा, सोनू बचवानी उधव दास पारवानी दिलीप तलरेजा शमन असवानी, विजय रोहाणी, राजकुमार कांधारी, उमेश पारवानी मोहित रामचंदानी विकास नोतनानी सनी कुंगानी, धीरज मनुरामानी,गोविंद हिरानी, राम आहूजा, रतनलाल वछानी, रमेश आहूजा उपस्थित थे

## आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 13 प्रकरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 01 अप्रैल 2025 को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 2, अतिक्रमण की 4, जलप्रदाय की 1, स्वास्थ्य की 1, स्थापना की 1, भवन/कॉलोनी सेल की 2 एवं 2 लोककर्म विभाग से संबंधित कुल 13 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर अयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## पमरे के कारखानों में बीते वित्तीय वर्ष में कुल 8300 से अधिक कोचोंध्वैगनों की हुई ओवर हॉलिंग

### अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचोंध्वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है।? पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के सतत निगरानी एवं मार्गदर्शन में' पश्चिम मध्य रेल के दोनों कारखानों में वित्तीय वर्ष 2024.25 में निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए सर्वाधिक कोचोंध्वैगनों का अनुरक्षण करके बेहतर प्रदर्शन किया गया है।

पश्चिम मध्य रेल ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक कुल 8307 कोचोंध्वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग ;आउटटर्नद्ध किया गयाए जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रेलवे बोर्ड द्वारा कुल 7968 कोचोंध्वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग करने का लक्ष्य दिया गया थाए जिसकी तुलना में 4 प्रतिशत अधिक ओवर हॉलिंग किया गया है। जिसमें सीआरडब्लूएस भोपाल कारखाना ने 1369 कोचों का अनुरक्षण किया तथा डब्लूआरएस कोटा कारखाना ने6938 वैगनों की मरम्मत की है।

पिरियोडिक ओवर हॉलिंग ;पीओएचद्ध के दौरान निम्न कार्य किये जाते हैं रू.

' कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की जाती हैए जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके।

' कोचों और वैगनों के नीचे ट्रॉलीए बोगी के सभी पाट्र्स की मरम्मत की जाती हैए जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

' एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों और कोचों के दोनों ओर के बफ़र की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है।

' व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता हैए जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

आज अंतिम दिन भी संभाग क्रमांक 10 में लाला लाजपत राय वार्ड अंतर्गत आनंदी पटैल पिता बाबू लाल पटैल की सम्पत्ति कुर्क एवं माया बाई की सम्पत्ति की गई अधिग्रहित

## निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार बकायादार करदाताओं की भवन कुर्क करने के साथ-साथ भूमि भी अधिग्रहित करने की भी नगर निगम द्वारा की जा रही है कार्रवाई

### संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए की सम्पत्ति कुर्क एवं अधिग्रहण




जबलपुर । निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सभी संभागों में बकाया राजस्व वसूली का कार्य किया जा रहा है। राजस्व अभियान को गति प्रदान करने भवन कुर्क करने के साथ-साथ बकायदार करदाताओं की भूमि भी अधिग्रहित करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज अंतिम दिन संभाग क्रमांक 10 राँझी के अंतर्गत संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाला लाजपत राय वार्ड अंतर्गत क्षीर सागर माने गांव में आनंदी पटैल पिता बाबू लाल पटैल पर बकाया एवं सनहाल राशि रूपये 5 लाख 16 हजार 7 सौ 73 रूपये होने पर सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार श्रीमती माया बाई पिता स्व. तीरथ प्रसाद काछी पर बकाया भूमिकर 1 लाख 13 हजार 1 सौ 11 रूपये भुगतान न करने पर सम्पत्ति अधिग्रहण की कार्रवाई की। संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि सम्पत्ति स्वामी को अनेकों बार सम्पर्क एवं दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नोटिस दिये गए, परन्तु सम्पत्ति स्वामी के द्वारा किसी भी प्रकार की रूचि नहीं दिखाई गई। बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में सम्पत्ति कुर्क एवं भूमि को अधिग्रहण करने की कार्यवाही की गयी। कार्रवाई के समय राजस्व निरीक्षक हर नारायण पटैल, सहायक राजस्व निरीक्षक चन्द्रभान नोनिया, कृष्ण कुमार जायसवाल, मनसुख सेन, दौलत मार्को, मुन्ना खान, राजेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## पमरे व रेल मजदूर संघ की स्थापना दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में एक मात्र यूनियन बनने पर लिया रेल कर्मचारियों की सेवा का संकल्प




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पमरे की एक मात्र यूनियन बनने पर हमें बड़ी जिम्मेदारी मिली है, इस पर खरा उतरते हुये, हमें एक-एक कर्मचारियों की हर एक समस्या को हल करने का सेवाभाव से काम करने का संकल्प लेना है। उक्त उद्गार वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव श्री डी.पी अग्रवाल जी ने पमरे व वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की स्थापना दिवस (01 अप्रेल 2003) के अवसर पर मंडल कार्यालय वेसेरेम संघ जबलपुर में आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किये। संघ प्रवक्ता श्री सतीश कुमार ने बताया की संघ के अध्यक्ष श्री सीएम उपाध्याय व महामंत्री श्री अशोक शर्मा जी के मार्गदर्शन में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पमरे के जबलपुर, भोपाल, कोटा मंडल, मुख्यालय , भोपाल-कोटा कारखानो, शेडो, स्टेशनो आदि पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है । महामंत्री श्री अशोक शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि स्थापना दिवस पर हम सभी रेल कर्मचारी व संघ के सिपाही के रुप में गौरवान्तित महसूस करते है और हमे संगठन व रेल के प्रति जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है, संगोष्ठी में सयुंक्त महामंत्री श्री संदीप श्रोती , आर.ए.सिंह, संजय चौधरी, आदि वक्ताओं ने रेल व संगठन के प्रति जबावदेही पर विस्तृत चर्चा करते हुये रेल व संघ की प्रगति का संकल्प लिया। इस अवसर पर संघ के भूपत सिंह, अफ्ज़ल हासमी, रोशन सिंह, रामजी कुमार, संजू पटेल, दीपक केसरी, तरुण वत्रा, त्रिभुवन सिंह, दुर्गा तिवारी, श्यामकला श्रीवास्तव, धमेन्द्र कुमार, अजय तिवारी, विजय वर्मा, योगेन्द्र यादव, देवी सिंह यादव, संजू, आदि उपस्थित रहे।

## मोहम्मद नुर उल्लह खान को कांग्रेस आईटी एवं सोशल मीडिया सेल में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी की सहमति से मोहम्मद नुर उल्लह खान को कांग्रेस आईटी एवं सोशल मीडिया सेल में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कांग्रेस आईटी एवं सोशल मीडिया मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास द्वारा की गई है। मोहम्मद नुर उल्लह खान की इस नियुक्ति पर सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। हमें उम्मीद है कि वह अपने इस नए पद पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## जनसुनवाई में आये 103 आवेदन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।-कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड और अन्य् अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 103 आवेदन दिये। जिसमें 77 नये आवेदन हैं तथा 26 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरणए बंटवाराए अतिक्रमणए लाड़ली बहना के पैसे दिलानेए छात्रवृत्ति भुगतानए स्कूल से टीसी दिलानेए पानीए नाली सफ़ाईए आर्थिक सहायताए पीएम किसान योजना में नाम जोड़नेए अभिलेख दुरूस्त करनेए किसान सम्मान निधि की राशि दिलानेए शिक्षाए समग्र आईडीए चिकित्सा सहायताए पेंशनए संबल राशि दिलानेए आवास योजना का लाभ दिलानेए बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टंर श्री गोंड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

## मंत्री सिंह ने फीता काटकर कला वीथिका में प्रदर्शनी का किया शुभारंभ






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज भंवरताल पार्क के पास स्थित हीरालाल राय कला वीथिका का फीता काटकर शुभारंभ किया। मां नर्मदा सामाजिक एवं सांस्कृपतिक संस्थाक द्वारा आयोजित कला संगम में जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों से आये कलाकारों ने मूर्तिए चित्र एवं पोस्टोर प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि एक कलाकार बहुत भावुक होता है। चित्र कला कलाकार की भावनाओं की प्रत्यरक्ष अभिव्यरक्ति होती है। इस प्रकार की प्रदर्शनियों से लोगों की अपेक्षा होती है कि वे कलाकार की भावनाओं को समझें। उन्होंहने कहा कि कला प्रदर्शनी में लगे सभी पेंटिंग्सह बहुत सराहनीय है। इसके लिए उन्हों ने सभी कलाकारों को बधाई व शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मध्यनप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओव्हलर पूर्णतरू की ओर हैए जिसका लोकार्पण आने वाले समय में किया जायेगा। उन्होंपने अपेक्षा व्यईक्त? किया कि फ्लाई ओव्हरर को लेकर नागपुर की तरह यहां भी कला प्रदर्शनी की जा सकती है। साथ ही अपेक्षा व्यईक्त? की कि इस प्रकार की कला प्रदर्शनी की श्रृंखला का प्रयास जारी रहे। इस अवसर पर विधायक श्री रोहाणी ने भी कहा कि कलाकारों द्वारा निर्मित मूर्तिए चित्र एवं पोस्ट र के भावों को समझने की आवश्यरकता है। वहीं श्री रत्नेश सोनकर ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम अध्येक्ष श्री रिकुंज विजए श्री पंकज दुबेए श्री अभय सिंह और संस्थाध के अध्यहक्ष श्री तरूण दुबे सहित बड़ी तादात में कला प्रेमी मौजूद थे।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना रांझी में करण सिंह परिहार उम्र 21 वर्ष निवासी चंद्रमोहन नगर बेरियल नम्बर 1 के पास रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेंटिंग का काम करता है शाम लगभग 4-30 बजे अपने घर से झंडा चौक राशन का सामान लेने जा रहा था मुंडी टोरिया कुंडा जलाशय के पास उसे रोहित मिश्रा मिला जो उससे शराब पीने के लिये 50 रूपये मांगने, उसने रूपये देने से मना किया तो रोहित मिश्रा उसके साथ गाली गलोज करने लगा, गालियां देने से मना किया तो चाकू से हमलाकर सीना में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# गढ़ा में पैदल जा रहे अधेड़ की भारी वाहन के कुचलने से मौत



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित त्रिपुरी चौक गढ़ा में आज सुबह भारी वाहन ने कमल चक्रवर्ती को उस वक्त कुचल दिया। जब वे घर से पैदल टहलने के लिए निकले रहे। हादसे में कमल चक्रवर्ती के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिपुरी चौराहा के पास रहने वाले कमल चक्रवर्ती उम्र 55 वर्ष मटके बनाने का काम करते रहे। वे आज सुबह 8 बजे के लगभग घर से टहलने के लिए मेडिकल अस्पताल रोड पर निकले। जब वे सड़क किनारे पैदल पैदल जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आए भारी वाहन ने कमल चक्रवर्ती को टक्कर मार कर कुचल दिया। हादसे में कमल के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। कमल को सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई, जिन्होने पूछताछ के बाद आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज निकाले है, ताकि उस वाहन का पता लगाया जा सके, जिसने कमल चक्रवर्ती को टक्कर मारी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कार की टक्कर से कमल चक्रवर्ती की मौत हुई है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना अधारताल में सुबह विवेक पाण्डे उम्र 33 वर्ष निवासी श्रीधाम कालोनी महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ए.आई.एम एकेडमी जबलपुर में पढाता है शाम लगभग 4 बजे परिवार के साथ अपने पेतृक गांव अटरा जिला रीवा गया था आज रात लगभग 1-30 बजे परिवार सहित जबलपुर घर वापस आया एवं गेट का ताला खोलकर अंदर गया देखा मकान के दरवाजे का ताला टूटा था

# फॉदर के साथ मारपीट से आक्रोश, ईसाई समाज ने एसपी आफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया, आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित रांझी थाना परिसर में ईसाई समाज के फॉदर के साथ मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है. आज ईसाई समाज के लोगों ने एसपी आफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन व नारेबाजी कर रहे लोगों का कहना था कि मारपीट करने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए.



प्रदर्शनकारियों का कहना था कि फॉदर जॉर्ज डेविस व उनके साथियों के साथ इस तरह से थाना परिसर में मारपीट की गई, जैसे वे कोई बड़े अपराधी हो. महिलाओं ने भी फॉदर के साथ धक्का मुक्की की. इस घटना से ईसाई समाज के लोग आक्रोशित हो गए, जिन्होने आज एसपी आफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन व हंगामा की खबर मिलते ही सिविल लाइन, ओमती व बेलबाग थाना का बल मौके पर पहुंच गया. यहां तक कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने प्रदर्शन कर रहे लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी, मामले में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी.

**अधारताल थाने में दुष्कर्म पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

## ब्लैकमेल कर महिला से 15 लाख व जेवर ऐंठे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।।** अधारताल थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 36 वर्षीय महिला को धमकाते हुए दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। उसके बाद आरोपी ने अपनी एक महिला मित्र व दो अन्य के साथ महिला को ब्लैकमेल करते हुए 15 लाख नकदी व जेवर ऐंठ लिए। आरोपियों ने महिला को धमकाते हुए जमीन के दस्तावेज भी ले लिए। तंग आकर शनिवार की रात महिला ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाने पहुंची पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सतना निवासी नरेंद्र शिवहरे का उसके घर आना-जाना था।

## मंडला से जबलपुर आए 100 आदिवासियों परिवारों के धर्मान्तरण का आरोप, लोग बोले अपनी मर्जी से आए है..!

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मंडला से बस द्वारा जबलपुर के भवंरताल पार्क पहुंचे करीब 100 आदिवासी परिवारों को हिन्दूवादी संगठनों ने रोककर पुलिस को शिकायत की। पुलिस पर पहुंची पुलिस ने जब पूछताछ की तो उन्होने कहा कि वे अपनी मर्जी से यहां आए है। वहीं हिन्दूवादी संगठनों का आरोप था कि उन्हे धर्मान्तरण करने के लिए लाया गया है। सूत्रों की माने तो मंडला के महाराजपुर क्षेत्र से आज करीब 100 आदिवासी



परिवार बच्चों सहित मंडला से जबलपुर के भवंरताल क्षेत्र में पहुंचे। इस बात की खबर मिलते ही हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता पहुंच गए,

# मप्र में महंगी बिजली का करंट, ई-रिक्शा से लेकर उद्योगों का बढ़ेगा बिल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** देश में बिजली की कीमतों में औसतन 3.46 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी हुई है, जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इस वृद्धि से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहेगा। मध्यम वर्ग से लेकर ई-रिक्शा चालकों तक, सभी उपभोक्ता इस फैसले से प्रभावित होंगे।

बिजली कंपनियों ने विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग दरें बढ़ाई हैं, जिसमें ई-रिक्शा चार्जिंग और उच्च दाब उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक बोझ डाला गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि गरीब से लेकर उच्च वर्ग तक सभी को प्रभावित करेगी।



**ई-रिक्शा चालकों पर सबसे ज्यादा मार**

ई-रिक्शा चार्जिंग की दर में 24 पैसे की बढ़ोतरी हुई है, जो मौजूदा 6.90 रुपये से बढ़कर 7.14 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। यह उन चालकों के लिए बड़ा झटका है जो चार्जिंग पर निर्भर होकर अपनी आजीविका चलाते हैं। इसके अलावा, निजी इलेक्ट्रिक वाहनों को घरेलू कनेक्शन से चार्ज करने की सुविधा रहेगी, लेकिन वाणिज्यिक उपयोग के लिए अलग कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।

**उच्च दाब और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर भी असर**

उच्च दाब उपभोक्ताओं के लिए 33 केवी लाइन की दर 5.65 रुपये से बढ़कर 5.91 रुपये हो गई है, यानी 26 पैसे की वृद्धि। वहीं, वाणिज्यिक कनेक्शनों में 20 पैसे की बढ़ोतरी के साथ दर 6.30 रुपये से 6.50 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। कृषि पंप (300-750 यूनिट) के लिए भी 18 पैसे की बढ़ोतरी हुई है, जो अब 5.92 रुपये से 6.10 रुपये हो गई है।

**रात्रिकालीन छूट में बदलाव**

औद्योगिक उपभोक्ताओं को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट को संशोधित किया गया है। नए टैरिफ में आठ माह के लिए 7.5 प्रतिशत और जून से सितंबर तक 10 प्रतिशत छूट लागू होगी। बिजली मामलों के जानकार राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि यह बढ़ोतरी वित्तीय वर्ष 2025-26 में सभी वर्गों के लिए चुनौतीपूर्ण होगी।

**गोसलपुर थाने में पीड़ित युवक की शिकायत पर मामला दर्ज**

## शासकीय मदद मिलने का झांसा देकर खाते से उड़ाए 50 हजार


**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** ।गोसलपुर थाना क्षेत्र स्थित गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी एक युवक को साइबर ठग ने शासकीय अनुदान की राशि मिलने का झांसा देकर 50 हजार की ठगी कर ली। ठगी का शिकार युवक ने थाने में शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी के प्रयास शुरू किए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ागर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 14 फरवरी को उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम रावेंद्र बताया और राकेश से पूछा की उसकी पत्नी का नाम ललिता है और उसने तीन माह पहले बच्चे को जन्म दिया है। राकेश द्वारा हामी भरने पर जालसाज ने कहा कि उसे सरकार की ओर से सात हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

## अकाल मृत्यु

**जबलपुर-** थाना ग्वारीघाट में जिलहरी घाट में एक अज्ञात व्यक्ति का शव नर्मदा नदी के किनारे पड़े होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को राजेश बर्मन उम्र 51 वर्ष निवासी पुराने रेल्वे स्टेशन के सामने ग्वारीघाट ने बताया कि वह जिलहरी घाट आया था देखा एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिलहरी घाट कुण्ड के पास छत विछत हालत में पडा था सिर में कीड़े लग लगे हुये थे वायें हाथ का पंजा नहीं है

# वाट्सएप पर आई फोटो पर क्लिक करते ही दो लाख रुपए कटे, पूछा था कि आप इस व्यक्ति को जानते हैं

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** एमपी के जबलपुर में एक युवक ने वाट्सएप पर अज्ञात नम्बर से आए फोटो को क्लिक करते हुए मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद बैंक एकाउंट से दो लाख एक हजार रुपए निकाल लिए गए। ठगों ने फोटो पर छपी लिंक के माध्यम से फोन पर एक ऐप डाउनलोड करा दिया। जिससे ओटीपी व बैंक डिटेल्स सीधे उनके पास पहुंच गए। ठगी का शिकार हुए युवक ने घटना की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस व साइबर सेल को दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी प्रदीप जैन 28 मार्च को अपने घर में बैठे रहे। सुबह 9 बजे के लगभग मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कुछ ही देर बाद उनके वाट्सएप पर एक वृद्ध की फोटो भेजते हुए पूछा कि क्या आप इस व्यक्ति को जानते है। पहले तो प्रदीप जैन मैसेज व कॉल को अनदेखा कर दिया। कुछ देर बाद फिर कॉल आया और सवाल पूछा गया। दोपहर 1.30 बजे के लगभग कॉल आया तो प्रदीप जैन ने गुस्से में जबाव दिया कि नहीं जानता और फोन काट दिया। कुछ पल बाद प्रदीप जैन के मोबाइल पर अपने आप एक कस्टमर सपोर्ट नामक ऐप डाउनलोड हो गया और प्रदीप जैन का मोबाइल हैक हो गया। प्रदीप कुछ समझ पाते इससे पहले उनके बैंक खाते से एक लाख रुपए डेबिट हो गया। इस तरह से ठग ने दो लाख रुपए हड़प लिए। खाते से रुपए कटते ही प्रदीप परेशान हो गए कि आखिर रुपए कैसे निकल गए। उन्होने बैंक जाकर बैलेंस चेक किया तो पता चला कि दो लाख रुपए कट चुके है। उन्होने फौरन खाता सीज कराकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि यह ट्रांजेक्शन आईबी आईबीएफ नाम के अकाउंट के माध्यम से हुआ था। यह खाता केनरा बैंक हैदराबाद में हाल ही में खुलवाया गया था। हालांकि प्रदीप जैन ने खाता सीज करा दिया, इसके बाद भी ठग ने 96 हजार रुपए फिर से निकालने की कोशिश की लेकिन खाता सीज होने के कारण ठग सफल नहीं हो सका। प्रदीप जैन की पासबुक में विशाल ऑनलाइन व जन्नतुन बीबी ऑनलाइन नाम से संदिग्ध लेन-देन दिखाई दिए। साइबर ठगों ने सुबह 9.38 बजे से लेकर शाम 5.12 बजे तक लगातार वॉट्सऐप पर डॉट (.) मैसेज भेजकर यह जांच की कि वे ऑनलाइन हैं या नहीं। पुलिस ने प्रदीप जैन की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।




**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/52 दिनांक 31.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सोमा गिरी, पति- सुन्दर गिरी** ने मकान नं. 557/1/ए-1 **वार्ड- महर्षि अरविन्द**, कुल क्षेत्रफल 1983 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 2176 व.फु., भूतल 1088 व.फु., प्रथमतल 1088 व.फु., **विक्रयपत्र ( सेलडीड ),** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक - 12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. स्वीकृति दिनांक 31/03/2025 अनुसार

संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/53 दिनांक 31.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनिल कुमार खेमानी, पिता- स्व. श्री जागन दास खेमानी** ने मकान नं. 60/1 का भाग **वार्ड- लोक मान्य तिलक**, कुल क्षेत्रफल 159 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 159 व.फु., भूतल 159 व.फु.स्वयं व्यवसाय, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक - 12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. स्वीकृति दिनांक 31/03/2025 अनुसार

संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/54 दिनांक 31.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री महेन्द्र साहू, पिता- स्व. श्री वीरन लाल साहू** ने मकान नं. 718 **वार्ड- लोक मान्य तिलक**, कुल क्षेत्रफल 124 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 124 व.फु., भूतल 124 व.फु.स्वयं व्यवसाय, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. स्वीकृति दिनांक 31/03/2025 अनुसार

संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 466 दिनांक 27.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती संध्या बेहेरे, पति- श्री संजय बेहेरे** ने मकान नं. 1835, फ्लैट नं. 06 उपहार अपार्टमेन्ट, प्रेम नगर, सम्पत्ति पिन नं. 1000496044 **वार्ड मदन महल वार्ड**, प्रथमतल 650 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -01, सं.अधि./ रांझी/10 / 2025-26 दिनांक 01.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री शांत देव विश्वकर्मा, पिता- श्री राम विश्वकर्मा** ने मकान नं. 952 पिन नं. 1000590239 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** भूतल 1500 व.फु., **आधार कार्ड, दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी-श्रीमती जानकी देवी विश्वकर्मा, पति- श्री जगन्नाथ प्रसाद, मकान नं. 952 पिन नं. 1000590239 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -122, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 19.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुशीला देवी, पति- श्री वीरेन्द्र कुमार ठाकुर** ने मकान नं. 45/23- 50/5 पिन नं. 1000589996 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** भूतल 652 व.फु., प्रथमतल 180 व.फु., **आधार कार्ड, शपथपत्र, पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी-श्रीमती अनुराधा विश्वकर्मा, पति- श्री अभान सिंह विश्वकर्मा, मकान नं. 45/23- 50/5 पिन नं. 1000589996 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/359 2024-25 दिनांक 31/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1003859921** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती जगजीत कौर आनंद, पति- गुलाब सिंह आनंद, श्रीमती सुमीत कौर,पति- हरदीप सिंह, श्रीमती हरनीत कौर, पति- गगनदीप सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्री राकेश खत्री, पिता- स्व. श्री पन्ना लाल खत्री,** ने **मकान नं. 874 का भाग 28/32 वार्ड क्र.- 10 , ......... वार्ड,** क्षेत्रफल 3010 व.फु., भूतल 3010 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 03 दिनांक 01.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री अनूप कुमार जैन, पिता- श्री कैलाश कुमार जैन, 2. श्रीमती शालिनी जैन, पति- श्री अनूप कुमार जैन** ने मकान नं. प्लाट नं. 152 सम्पत्ति पिन नं. 1000604292 **वार्ड विवेकानंद वार्ड**, क्षेत्रफल 2400 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 02 दिनांक 01.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती कविता यादव, पति- स्व. श्री प्रहलाद सिंह यादव, 2. कृतिका सिंह यादव, पिता- स्व. श्री प्रहलाद सिंह यादव,** ने मकान नं. प्लाट नं. 111 सम्पत्ति पिन नं. 2000119258 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड**, क्षेत्रफल 1430 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 01 दिनांक 01.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. कृतिका सिंह यादव, पिता- स्व. श्री प्रहलाद सिंह यादव, 2. श्रीमती कविता यादव, पति- स्व. श्री प्रहलाद सिंह यादव** ने मकान नं. प्लाट नं. 110 सम्पत्ति पिन नं. 2000109293 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड**, क्षेत्रफल 2070 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 471 दिनांक 31.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री सारांश मोतीमानी, पिता- श्री श्याम मोतीमानी, 2. श्रीमती विधि पवाँर, पति- श्री सारांश मोतीमानी** ने मकान नं. प्लाट नं. 844 सम्पत्ति पिन नं. 1003023703 **वार्ड विवेकानंद वार्ड**, क्षेत्रफल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 472 दिनांक 31.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रानी रोहरा, पति- श्री राजेश कुमार रोहरा** ने मकान नं. प्लाट नं. 76 सम्पत्ति पिन नं. 1003921929 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड**, क्षेत्रफल 2000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999